Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

वर्षः 06 अंकः 01 | बुधवार, 01 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# भारत समेत पूरी दुनिया में नए साल का धमाकेदार आगाज, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**नई दिल्ली।**

देश के साथ विश्व भर में नए साल 2025 का शानदार आगाज हो चुका है। नए साल के स्वागत के बाद लोग एक दूसरे को बधाईयां दे रहे हैं। नए साल के स्वागत के लिए विभिन्न शहरों में कई आयोजन किए गए। जहां पर एक दिन पहले से ही लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था।

नए साल के जश्न में कोई दिक्कत ना हो इसको देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। शहरों में देर रात तक रौनक देखने मिली। मेट्रो शहरों में नए साल को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। नव वर्ष 2025 की शुरूआत विश्व भर में हो गई। देश के साथ विश्व के कई देशों में नए साल का स्वागत शानदार तरीके से किया गया।आतिशबाजी और कई कार्यक्रमों के साथ लोगों ने नए साल का स्वागत किया है। भारत में भी रात के 12 बजते ही शहरों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक आतिशबाजी और शोर के साथ नए साल का स्वागत किया गया। जिसकी तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीरों ने लोगों के दिलों को जीत लिया है। इन तस्वीरों में देखिए भारत के साथ विश्व भर में नए साल का आगाज कैसा रहा... हांगकांग में 2025 के नए साल के जश्न के दौरान विक्टोरिया हार्बर के ऊपर आधी रात को आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठता है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के मनाली में नए साल 2025 की पूर्व संध्या पर जश्न मनाने के लिए पर्यटक एकत्रित हुए और नए साल का शानदार स्वागत किया। चीन में नए साल का मौके पर शानदार सजावट देखने को मिली है। यहां पर नए साल का स्वागत धूमधाम से किया गया। मुंबई में नए साल के जश्न को लेकर खास तैयारी की गई थी। जैसे ही रात के 12 बजे लोगों ने आतिशबाजी के साथ नए साल का स्वागत किया। जापान के टोक्यो से भी नए साल के स्वागत की शानदार तस्वीर सामने आई है। यहां पर नए साल के स्वागत में जोया नो केन नामक घंटी बजाने की रस्म में भाग लेते हुए सेंसोजी बौद्ध मंदिर के बेंटेन्डो हॉल में एक महिला घंटी बजाती हुई।

**एक दिन पहले से ही लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था**








## जनपदवासियों के लिए सुख-समृद्धि भरा व मंगलमय हो नववर्ष : डीएम इंद्रविक्रम सिंह



जिलाधिकारी इंद्रविक्रम सिंह ने नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं देते हुए जनपदवासियों के लिए सुख–समृद्धि व मंगलमय होने की कामना की है। उन्होंने विश्वास जताया कि नये वर्ष में जनसहयोग से जनपद को और समृद्ध बनाने एवं विकास के रास्ते पर ले जाने के शासन के प्रयासों को और गति मिल सकेगी। साथ ही शासन की महत्वपूर्ण परियोजनाएं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों से अधिकतम पात्र लोग लाभांवित हों।

## नये साल के जश्न में जोश में होश न खोएं: सीपी अजय कुमार मिश्रा



पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा ने गाजियाबादवासियों को नये साल की शुभकामनाएं देते हुए ?कहा है कि जनपदवासी इस बात का ध्यान रखें कि नववर्ष के जश्न की खुशी में अपना होश न खोएं। नये वर्ष की पार्टी की आड़ में कोई भी हुड़दंग, स्टंटबाजी या छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा करने वालों पुलिस सख्ती से निपटेगी। इसलिए युवा अति उत्साह में न आयें और नये साल का स्वागत कानून के दायरे में रहकर ही करें।

# पीएम मोदी ने देशवासियों को नए साल की दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।**

देश के साथ विश्व भर में नए साल 2025 का शानदार आगाज हो चुका है। नए साल के स्वागत के बाद लोग एक दूसरे को बधाईयां दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मविश्वास से भरे भारत के मूड को दशार्ते हुए इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट में देश के लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। साथ ही 2024 में हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन को याद किया।

पीएम मोदी ने इसे एक "काव्यात्मक उत्सव" बताते हुए एक्स पर साझा अपनी पोस्ट में कहा, "मेरा भारत बढ़ रहा।" पीएम मोदी ने एक भावपूर्ण संदेश में लिखा, "स्पेस से लेकर धरती तक, रेलवे से लेकर रनवे तक, संस्कृति से लेकर नवाचार तक, भारत के लिए 2024 अभूतपूर्व प्रगति और परिवर्तन के वर्ष के रूप में दर्ज किया गया!" पीएम मोदी ने कहा, "यह एक काव्यात्मक उत्सव है क्योंकि हम 2025 में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं।" पीएम मोदी ने नए साल के पोस्ट में 2.41 मिनट का एक वीडियो-एनिमेशन शेयर किया, जिसमें साल 2024 में हासिल की गई उपलब्धियों को दशार्या गया।



### मेट्रो शहरों में नए साल को लेकर विशेष इंतजाम किए गए

नए साल के स्वागत के लिए विभिन्न शहरों में कई आयोजन किए गए। जहां पर एक दिन पहले से ही लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था। नए साल के जश्न में कोई दिक्कत ना हो इसको देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। शहरों में देर रात तक रौनक देखने मिली।

## अडानी रिश्वतखोरी के आरोपों से लेकर पेटीएम बैंक प्रतिबंध

**कमठान।** सोनी ने आधिकारिक तौर पर जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के साथ अपने विलय को रद्द कर दिया, जिसे अगस्त 2023 में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल द्वारा अनुमोदित किया गया था।

जवाब में, जी ने सोनी पर सौदे को समाप्त करके ₹बुरे इरादे₹ से काम करने का आरोप लगाया। भारतीय उद्योग जगत के लिए वर्ष 2024 काफी उतार चढ़ाव भरा रहा है।इस पूरे वर्ष में देश को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। कई प्रमुख इंडस्ट्री ग्रुप से लेकर हाई प्रोफाइल उद्योगपतियों और समूहों ने अलग अलग तरह के बदलाव इस साल देखे हैं।

# सूरत के इस्पात संयंत्र में कोयला गिरने से लगी आग, चार श्रमिकों की मौत, एक घायल

**सूरत।**

सूरत के एक इस्पात संयंत्र में कोयला गिरने के कारण आग लगी। हादसे में चार श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। तीन शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजा गया है।

गुजरात के सूरत जिले के हजीरा औद्योगिकी क्षेत्र में एक इस्पात संयंत्र में मंगलवार की शाम आग लग गई। इस हदासे में चार लोगों की मौत हो गई, जब एक अन्य श्रमिक घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने बताया कि घटना आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया के संयंत्र में हुई। हमें जानकारी मिली कि संयंत्र के एक हिस्से में कोयला गिरने से आग लग गई। यह आग उस वक्त लगी, चार श्रमिक लिफ्ट पर थे और उसी दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस और फैक्टरी के निरीक्षक इस घटना की जांच करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, जिन चार श्रमिकों की जान गई, उनमें से तीन के शव पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजे गए हैं। आगजनी के कारण फैक्टरी को नुकसान हुआ है। जांच के बाद ही पूरी जानकारी सामने आ सकेगी।



# उम्मीदें 2025: विकसित भारत का मजबूत पायदान बनेगा वर्ष 2025

**नई दिल्ली।**

आज हम नए वर्ष 2025 का स्वागत कर रहे हैं। उम्मीद है वर्ष 2025 देश के लिए नई उपलब्धियों का गवाह बनेगा। 21वीं सदी के पहले 25 वर्ष में भारत ने खुद को एक विकासशील देश से उभरती वैश्विक शक्ति के तौर पर स्थापित किया है। वर्तमान सदी के अगले 25 वर्ष विकसित देश बनने में निर्णायक साबित होंगे। भारत अमेरिका और चीन जैसी वैश्विक ताकतों की कतार में खड़ा होकर बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था को मजबूती देगा। इस सफर में वर्ष 2025 एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। नए वर्ष में भारत अर्थव्यवस्था, रक्षा, वैश्विक कूटनीति, अंतरिक्ष और युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगा सकता है।

# कड़ाके की ठंड के साथ नए साल का आगाज



**नई दिल्ली।** नए साल पर ठंड जमकर लोगों को कंपकंपाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, झारखंड समेत यूपी, बिहार और हरियाणा में शीतलहर के साथ कोहरा पड़ेगा। वहीं, पंजाब और हिमाचल में तो बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। नए साल के एक दिन पहले धूप न के बराबर निकली पूरे दिन बादल ही छाए रहे। अगले दो दिन दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कोल्ड वेव चलेगी। वहीं, कोहरा भी पड़ेगा। नए साल की शुरूआत कड़ाके की सर्दी से हो रही है। जनवरी के पहले हफ्ते में पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ आने वाले हैं, जिससे न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट होगी। लगभग देश के तीन चौथाई भागों में सर्द हवाओं का विस्तार हो जाएगा। हिमाचल से जम्मू कश्मीर, जम्मू-कश्मीर से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं बिहार-झारखंड तक गलन बढ़ेगी। जम्मू-कश्मीर में एक और दो जनवरी के बीच कुछ पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी होने के साथ मैदानी इलाकों में बारिश होने के आसार हैं।

लगभग 560 टिकटिंग पॉइंट स्थापित किए गए हैं जिनसे प्रतिदिन लगभग 1 मिलियन टिकट जारी होने की उम्मीद है

# रेलवे चलाएगा 3000 स्पेशल ट्रेनें, सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम

**नई दिल्ली।**

उत्तर मध्य रेलवे ने नौ प्रमुख स्टेशनों पर टिकटिंग व्यवस्था स्थापित की है, जिनमें प्रयागराज जंक्शन, नैनी, चेओकी, प्रयाग जंक्शन, सूबेदारगंज, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज संगम और झूसी शामिल हैं। लगभग 560 टिकटिंग पॉइंट स्थापित किए गए हैं जिनसे प्रतिदिन लगभग 1 मिलियन टिकट जारी होने की उम्मीद है। शीघ्र यात्रा योजना को सुविधाजनक बनाने के लिए, टिकट 15 दिन पहले तक बुक किए जा सकते हैं। भारतीय रेलवे समेत विभिन्न विभागों में महाकुंभ 2025 की तैयारियां जोरों पर हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर 13 जनवरी, 2025 को शुरू होने वाले इस कार्यक्रम ने बड़े पैमाने पर कार्यबल जुटाया है। लाखों भक्तों की आमद को प्रबंधित करने के लिए, भारतीय रेलवे ने 3,000 विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है, जिसमें रिंग रेल मार्ग पर 560 ट्रेनें शामिल हैं। उत्तर मध्य रेलवे ने नौ प्रमुख स्टेशनों पर टिकटिंग व्यवस्था स्थापित की है, जिनमें प्रयागराज जंक्शन, नैनी, चेओकी, प्रयाग जंक्शन, सूबेदारगंज, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज संगम और झूसी शामिल हैं। लगभग 560 टिकटिंग पॉइंट स्थापित किए गए हैं जिनसे प्रतिदिन लगभग 1 मिलियन टिकट जारी होने की उम्मीद है। शीघ्र यात्रा योजना को सुविधाजनक बनाने के लिए, टिकट 15 दिन पहले तक बुक किए जा सकते हैं।



### भक्तों के लिए व्यापक रेल नेटवर्क

रेलवे ने महाकुंभ के दौरान 13,000 से अधिक ट्रेनें संचालित करने की योजना बनाई है, जिसमें 10,000 नियमित सेवाएं और 3,000 विशेष ट्रेनें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 560 ट्रेनें रिंग रेल मार्गों पर चलेंगी, जिनमें प्रयागराज–अयोध्या–वाराणसी–प्रयागराज, प्रयागराज संगम–जौनपुर–प्रयाग–प्रयागराज, गोविंदपुरी–प्रयागराज–चित्रकूट–गोविंदपुरी और झांसी–गोविंदपुरी–प्रयागराज–चित्रकूट–मानिकपुर–झांसी मार्ग शामिल होंगे।

## संपादक की कलम से

### मौत के बोरवेल

ऐसे समय में जब देश–दुनिया नये साल के जश्न में डूबने जा रही है मध्यप्रदेश व राजस्थान में खुले बोरवेल में गिरने से हुई दो बच्चों की मौत विचलित करती है। राजस्थान के दोसा जिले और मध्यप्रदेश के गुना की घटनाएं पहली बार नहीं हुई हैं। गाहे–बगाहे ऐसी खबरें पूरे देश से आती हैं। यह सोचकर ही मन सिहर उठता है कि कोई बच्चा कैसे एक अंधी सुरंग में भूखे–प्यासे, अपर्याप्त ऑक्सीजन व बिना हिले–डुले कुछ दिन मौत की प्रतीक्षा करता होगा। भय व घुप्प अंधेरे में बच्चा किन मानसिक व शारीरिक यातनाओं से गुजरता होगा, सोचकर भी डर लगता है। लेकिन फिर भी हमारा संवेदनहीन समाज व लापरवाह तंत्र इस त्रासदी को गंभीरता से नहीं लेता। जिस बोरवेल को खुदवाने में लाखों रुपये खर्च होते हैं, उसका मुंह बंद करने के लिये चंद रुपये खर्च करने में लोग आपराधिक लापरवाही दिखाते हैं। राजस्थान के कोटपुतली में बोरवेल में गिरी तीन साल की बच्ची को एक सप्ताह बाद भी न निकाला जाना तंत्र की विफलता को दशार्ता है। निस्संदेह, यह अभियान जटिल बताया जाता है और बारिश ने राहत कार्य में बाधा डाली, लेकिन शुरूआत में प्रशासन की शिथिलता पर सवाल उठे हैं। ऐसे अभियानों में राष्ट्रीय आपदा निरोधक बल तथा स्थानीय सुरक्षा बलों की नाकामी गाहे–बगाहे उजागर होती रहती है। निस्संदेह, ऐसे संकटों में तत्काल कार्रवाई और राहत– बचाव कार्य को आधुनिक तकनीक से शुरू करने की जरूरत महसूस की जाती रही है। यही वजह है कि आए दिन होने वाले बोरवेल हादसों के मद्देनजर देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2010 में इस बाबत दिशानिर्देश जारी किए थे ताकि ऐसे हादसों को टाला जा सके। जिसमें बोरवेल के चारों ओर बाड़ लगाने तथा मजबूत बोल्ट के साथ स्टील कवर लगाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आए दिन बोरवेल में बच्चों के गिरने के मामले सामने आ रहे हैं। जाहिर किसान व स्थानीय प्रशासन सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। अन्यथा ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न होती। निस्संदेह, देश के विभिन्न भागों में बोरवेल हादसों का सामने आना जहां निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही को दशार्ता है, वहीं उन लोगों के आपराधिक कृत्य को भी दशार्ता है, जो बोरवेल का मुंह खुला छोड़ देते हैं। वहीं हादसे हमारे समाज में चेतना के अभाव को भी दशार्ते हैं कि खुले बोरवेल के खिलाफ आम लोगों के स्तर पर आवाज नहीं उठायी जाती। यह भी उल्लेखनीय है कि सिंचाई विभाग राज्यों का विषय होने के कारण इसमें केंद्र सरकार का दखल नहीं हो पाता। एक अनुमान के अनुसार देश में करीब पौने तीन करोड़ बोरवेल हैं। जिसमें से बड़ी संख्या में सूख चुके हैं।



ललित शर्मा
संपादक

# नए साल का आगाज करती नई आशाएं




उम्मीदों के गुलदस्ते से लबरेज आने वाला साल '2025' का आगाज पूरी कायनात में जल्द ही हो जाएगा। आने वाले साल के लिए लोगों ने नए-नए संकल्प लगभग तैयार कर लिए होंगे। कुछ तो उनके अमल में लाने की तैयारियों में भी शामिल हो चुके होंगे। बीते कुछ सालों में जिन तकलीफों को दुनिया ने बर्दाश्त किया है, उससे उभरते हुए 2024 की विदाई की तैयारियां अब पूरी होने को हैं। तकलीफों और परेशानियों में जिस तरह से दुनिया में अनगिनत लोगों ने अपने हाथों को आगे बढ़ाया वह यकीनन काबिले तारीफ है।

अब भी लगता है कि दुनिया में फरिश्तों का हुजूम मौजूद है! इस कायनात के इंसानी बाशिन्दों ने अपनी रहनुमाई से साबित कर दिया है। नेकी अभी कायम है और इंसानियत अभी जिन्दा है! ऐसी अनेक मिसालें इतिहास की गवाह बन चुकी हैं। लोगों में बची हुई इंसानियत, मोहब्बत और अपनेपन के जज्बे को देख लगता है दुनिया यकीनन अभी भी बहुत खूबसूरत है। अच्छाई हर शख्स के भीतर मौजूद है। बस उसे हिम्मत से उभारने की जरूरत है।

महात्मा बुद्ध, महावीर स्वामी, सूफियां और सन्तों की इस सरजमीं को खुशियों के गुलिश्ता में तब्दील करने का जिम्मा हम भारतीयों का ही है। नया साल इन्हीं उम्मीदों के साथ दस्तक देने को तैयार है। चलो इस कायनात में हर जगह नन्हीं कोपले लगाते हैं, यह चमन है हमारा इसे प्यार से सजाते हैं।

दिसंबर का जिम्मेदार महीना साल भर का लेखा-जोखा जनवरी को सौंपने के लिए सर्दी की बफीर्ली मुस्कुराहट के साथ-साथ जनवरी का पूरी गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए तैयार है। साथ ही ऐसा मालूम होता है जैसे जनवरी को जिम्मेदारियों की ताकीद भी सौप रहा हो मानो कह रहा हो कि अच्छे से रखना सब.....पूरा व्यवस्थित, जैसा मैने सौपा है वैसे ही आने वाले साल को सौपना।

इत्मेनान और सुकून की विदाई चाहता दिसंबर, मुझे हमेशा परिवार के बुर्जुग सा नजर आता है जो आने वाली पीढ़ियों को नई जिम्मेदारियों को सौपते वक्त विश्वास और भरोसा का चेक साइन करवाकर अपने पास रख लेना चाहत हो। मानों हम से कह रहे हों कि आने वाली पीढ़ियों को सही राह दिखाने की जिम्मेदारी अब तुम्हारी पीढ़ी की है।



नए साल की एक खासियत यह भी है कि उसके पास सबके लिए अपार संभावनाएं मौजूद रहती है हम अपने संकल्पों के जरिए उन पर अमल करके न केवल अपने जीवन में बल्कि दूसरों की जिन्दगी में भी सकारात्मकता का दीपक जला सकते हैं। एक नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। खुली आंखों से सपनों को देखें या फिर आंखें बंद करके, सपने तभी सच होंगे जब हम उन्हें पूरा करने की कोशिशों में अपने मौजूदा समय को गवाएगें।

मेहनत से सब कुछ बनाया जा सकता है फिर वो तस्वीर हो या तकदीर। सपनों को मेहनत और विश्वास का साथ मिल जाए तो बहुत कुछ बदल सकता है। नए साल का आगाज हमें इन्हीं सम्भावनाओं की ओर लेकर जाने की ताकीद है। कुछ बड़ा करने के लिए हमें मेहनत की फेहरिश्त बडी.करनी होगी। तभी सपनें सच होगें उनमें जान भी होगी और ऊंची उड़ान भी।

आने वाला साल भी यकीनन युवाओं का ही है। तकनीकी और विकास की बुलेट ट्रेन किसी भी देश के युवाओं की मेहनत पर ही रफतार पकड़ सकती है। भविष्य को संभावनाओं से भरने में युवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है। भारत तो युवाओं का देश है यदि इन युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा को सही दिशा प्राप्त हो जाए तो भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के तौर पर स्थापित होने से कोई रोक नहीं सकता।

नए साल के संकल्पों में हमें एक वादा पृथ्वी से भी करना होगा कि हम पर्यावरण की सुरक्षा और रक्षा करने की जिम्मेदारी निभाएगें। दिल्ली के आस-पास की जहरीली हवा पहले दिल्ली अब एनसीआर और जल्द ही आगे का रूख इख्तेयार कर लेगी। आज से 100 साल पहले अगर हम किसी से पीने का पानी बेचने की बात करते तो यकीनन वो हमें ऐसा कहने पर गुनहगार का तमगा थमा देता। किसी प्यासे की प्यास बुझाना सबसे बड़ी नेकी कमाने का जरिया हुआ करता था। साफ पानी की पहुंच हर एक तक थी।

नदी, तालाब और कुओं का पानी इतना साफ और मीठा होता था कि फिल्टर पानी की कल्पना करना दूर-दूर तक ख्याली कल्पना भी न थी। जैसे-जैसे हमारी आधुनिकतावादी समझदार पीढ़ी आगे बढ़ी पर्यावरण को दूषित और दूषित करने का काम करने की जद्दोजहद में लग गई। साथ ही इसका ठीकरा एक दूसरे के ऊपर फोड़ना शुरू कर दिया। कभी-कभी लगता है कि वो दिन ज्यादा दूर नहीं जब लोग मिनरल वॉटर के साथ-साथ ऑक्सीजन सिलेण्डर भी लेकर बाहर निकलेंगे। क्यों न नए साल में एक वादा पर्यावरण की सांसें लौटाने का भी किया जाए? आखिर ये हवा वापस हमारे पास ही तो आने वाली है।

आने वाला साल निश्चित ही सबके लिए बहुत कुछ लेकर आने वाला है। बस जरूरत है तो धैर्य, साहस और ठेर सारी मेहनत की। बीते साल की कुछ घटनाएं मन को बेचैन करने वाली रहीं। जहां कोरोने ने लाख मिन्नतें करने के बावजूद जिंदगियां नहीं बख्शी। मौत के पंजों ने अनगिनत घोसलों को वीरान कर दिया। सांसें अनमोल हैं, यह सबको समझाया। जाते-जाते भी कभी बदलते वायरस के नामों से कभी पुरानी बीमारियों में नई दहशत के साथ कई चेहरों की मुस्कुराहट हमेंशा के लिए छीन बताया की स्वस्थ शरीर कुदरत का बख्शा नायाब तोहफा है। इसे पूरी जिम्मेदारी से संभालने की आवश्यकता है। फिर भी 2024 के कुछ हताश, निराशा भरे आत्महत्या के कदम मन को दहलाने वाले रहे। जीवन यूं समाप्त करने का नाम नहीं बल्कि भविष्य में नई संभावनाएं तलाश करने का नाम है। कभी-कभी सोचती हूं हमने कभी किसी जानवर को आत्महत्या करते क्यों नहीं देखा?



टीकेश्वर सिन्हा

## हे नूतन वर्ष

कविता

शोणितवर्ण सूर्य–मयूख की,
उदित आशाएँ।
शीतल स्नेह–भ्रातृत्व भाव की,
प्रमुदित भाषाएँ।
हे वट तरू से झाँकता स्वर्णिम हर्ष !
आइए स्वागत है।
हे नूतन वर्ष...!

मन को शांति दिलाने वाले,
जन–जन का भाग्य विधाता।
दृढ़ प्रबल पुलकित भाव,
अरु प्रगतिपथ दिखाता।
हे गूढ़ विचार–विमर्श !
आइए स्वागत है।
हे नूतन वर्ष...!

धराधाम के स्थापित धर्म के,
नवसृजन खातिर।
समाज अरु राष्ट्र के,
नवपरिवर्तन खातिर।
हे नीति–निर्माण–निष्कर्ष !
आइए स्वागत
हे नूतन वर्ष...!

## नया साल

गुलाबी सर्द हवाओं का प्यारा आलिंगन,
बीते कल की सुनहरी यादों में ले जाता है ,
दूर तलक फैली थी मोहक महक जिसकी,
पुरानी वादियों का अक्स महसूस कराता है ।

प्रकृति की रमणीक सुंदरता मन को भांति,
बर्फ की चादर ओढ़े धरती मुस्कुराती हैं,
अंगीठी से रात दिन एक धार होती सिकाई,
सवेरे दूर दूर तक धवल धुंध छा जाती हैं ।

फिर मद्धिम धूप का गुपचुप यूं खिलना,
कंपकंपाती ठिठुरन से राहत दे जाता है,
वो पुरवाई का हौले–हौले से मधुरतम स्पर्श,
तन–मन में नयी ₹आनंद₹ उमंग बढ़ाता हैं।

सर्द पौष–माघ की ये लंबी–लंबी ठंडी रातें,
यादों की गठरी खुबसूरत बीती मुलाकातें हैं ।
कभी खत्म न होने वाली प्यारी अशेष बातें,
उम्र की दहलीज पर मिली बिछुड़ी सौगातें हैं ।

इसी बीच शुष्क दिसंबर को अलविदा कर,
नया साल नई योजनाओं के साथ आता हैं,
जीवन में कुछ पूरी और कुछ अधूरी रह गई,
चाहतों पर नव निर्माण नव प्रारूप सजाता हैं ।






मोनिका डागा

## आओ कुछ बात करें...

आओ इस नए साल में,
कुछ नई बात करें।
कुछ नए रंगों के साथ,
एक नई शुरूआत करें।

नए हौसले, नए सपने,
और नई उड़ान भरे।
आओ इस नए साल में,
कुछ नई बात करें।

रिश्ते वही ,अपने वही,
बस सबमें नई मिठास भरे।
टूटते सपनों में,
थोड़ी नई आश भरे।

हिम्मत के बुलंदियों को,
आसमान पर आज रखें।
आओ इस बदलते साल में,
थोड़े नए जज्बात भरे ।

पत्थर को चट्टान नहीं,
बल्कि पर्वत आज करें।
आसमा को छूने के सपने,
आओ आज हम साकार करें।

आओ इस नए साल में,
कुछ नई बात करें।
धरा–गगन,जल की ,
सुरक्षा का संकल्प आज करें।

भविष्य के बारे में सोचकर,
चलो कुछ विचार करें।
आओ इस नए साल में,
कुछ नई बात करें।

शिक्षा को हथियार बनाकर,
अंधकार पर वार करें।
आओ कलम की ताकत से हम,
इस दुनिया पर राज करें।
आओ कुछ बात करें...

मिताली ममता शर्मा

## नव वर्ष

आओ नए साल को खुशियों के साथ मनाएं,
बस मनाने के तरीके में जरा तबदीली लाएं।

गिले शिकवे भुलाकर हम सभी एक हो जाएं,
बस ये सिलसिला दोनों तरफ से निभाया जाए।

रिश्तों को सिर्फ सोशल तक ही न समेटा जाए,
बस हम इसको रूहानी तरीके से निभाते जाए।

एक अच्छा प्रण लेते हुए नया साल शुरू किया जाए,
नशा व गुरूर को छोड़ सबसे नरमी से पेश आते जाएं।

इस मौके पर किसी की अस्मत से खेलने पर न उतर आएं,
किसी की इज्जत जिस पर कीचड़ उछालने से बाज आए।

खून पसीने की कमाई को फिजूलखर्ची न बनाया जाए,
इस खर्च को बचाकर गरीबों की मदद को हाथ बढ़ाएं।

किसी के गम को खुशी में तब्दील करने का जरिया बन जाएं,
शायद हमारी यही अदा रब को पसंद आ जाए।

इस जहाँ में अपने किरदार से एक अच्छी खुशबू फैलाएं,
बस जो मिले वो हर इंसान आपका ही कायल हो जाए।

रहें बस इस कदर कि हमसे किसी का अपमान न हो पाए,
रहमान बाँदवी इसी तरह इस जिंदगी से कूच कर जाएं।

अब्दुल रहमान

## नए साल पर लें ये संकल्प

### 1. आलस्य से दूर रहें

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, आलस्य शनि ग्रह के नकारात्मक प्रभाव को बढ़ाता है, जिससे जीवन में बाधाएं और असफलताएं आती हैं। धार्मिक मान्यताओं में आलस्य को प्रगति का शत्रु कहा गया है। नए वर्ष में समय का सदुपयोग करें और एक व्यवस्थित दिनचर्या अपनाने का संकल्प लें। प्रातः जल्दी उठें, ध्यान, योग और पूजा को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

### 2. नकारात्मकता को त्यागें

राहु और केतु के प्रभाव को नकारात्मक सोच और आदतें बढ़ा सकती हैं, जो जीवन में अशुभ परिणाम लाती हैं। यदि आप सफलता और मानसिक शांति चाहते हैं, तो अपने विचारों को सकारात्मक बनाए रखें। आलोचना, ईर्ष्या और द्वेष से बचें। भगवान शिव का ध्यान करें और ₹ओम नमः शिवाय₹ मंत्र का जाप करें, जिससे मानसिक स्थिरता और शांति मिलेगी।

### 3. अनुशासन को अपनाएं

अनियमित जीवनशैली ग्रहों के प्रतिकूल प्रभाव को बढ़ाती है। समय पर सोना, उठना और नियमित कार्यों को पूरा करना जीवन में संतुलन और शुभता लाता है। ज्योतिष के अनुसार, अनुशासन सूर्य और मंगल ग्रह को सशक्त करता है, जिससे ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होती है।

### 4. अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखें

बेवजह खर्च करने से शुक्र और चंद्रमा कमजोर होते हैं, जिससे आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। धन का सही उपयोग करें और माता लक्ष्मी की पूजा करें। बजट बनाएं और नियमित रूप से धन की बचत करें।

### 5. ध्यान और प्रार्थना

जितना जरूरी हमारे लिए प्रतिदिन भोजन करना है, उतना ही जरूरी ध्यान और प्रार्थना भी है। दरअसल, ध्यान और प्रार्थना करने से हमारी धार्मिक यात्रा सुगम चलती है, जिससे हमें प्रतिदिन कुछ नया करने की शक्ति मिलती है। ऐसे में आप नए साल में प्रतिदिन ध्यान और प्रार्थना का भी संकल्प ले सकते हैं।

### 6. भोजन की शुद्धता का ध्यान रखें

अशुद्ध और तामसिक भोजन न केवल स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, बल्कि मानसिक शांति को भी भंग करता है। सात्विक भोजन अपनाएं और अन्न का सम्मान करें। अन्न को देवी अन्नपूर्णा का प्रसाद माना जाता है। नियमित रूप से गाय, पक्षियों और जरूरतमंदों को भोजन दान करें।

### 7. व्यायाम करें

स्वास्थ को प्राथमिकता देनें के लिए नए साल में आपको व्यायाम करने का संकल्प भी लेना चाहिए। इससे आपको जीवन में कई तरह के बदलाव देखने को मिलेंगे। व्यायाम आपने शरीरिक और मानसिक स्वास्थ के लिए काफी लाभदायक साबित हो सकता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद की कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार,एसडीएम सदर अंकित कुमार वर्मा, रमेश कुमार चौबे, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), यात्री / मालकर अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, प्रतिनिधि बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं सहायक अभियन्ता, एन०एच०ए०आई० गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद तथा सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे ।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हापुड़ द्वारा बैठक एजेण्डा के अनुसार बिन्दुवार कार्यवाही प्रारम्भ की गयी जिसमें उपस्थित अधिकारियों, परिवहन व्यवसायी एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य द्वारा प्रस्तुत विचार पर विचार विमर्श किया गया। अधिकारियों के द्वारा जिलाधिकारी महोदया को अवगत कराया गया कि शहर में अवैध कट , स्कूली वाहनो के पंजीकृत तथा 10 से 15 वर्ष पुराने पेट्रोल/डीजल संचालित वाहनों को एनओसी हेतु नोटिस जारी करने एवं गन्ने ढलाई में प्रयुक्त वाहन संचालन तथा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने आपातकालीन चिकित्सा सहायक हेतु एंबुलेंस की उपलब्धता तथा मार्ग पर रोड सेफ्टी एवं फ्लाईओवर की साफझ्सफाई इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

उन्होंने एन०एच०ए०आई० के अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुर्घटना रोकने के उपाय पर प्रभावी कार्यवाही की जाये, जिसके सम्बन्ध में एक कमेटी गठित कर चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सुधारीकरण की कार्यवाही हेतु प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार सुधारीकरण की कार्यवाही करते हुए आख्या प्रेषित की जाये तथा स्कूली वाहन नियमानुसार दिये गये मानक के अनुसार संचालित करने हेतु विशेष कार्यवाही की जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाये सभी स्कूली वाहन मानक के अनुरूप ही संचालित हों।सभी सम्बन्धित बिन्दुओं पर एवं समिति की प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा आख्या प्राप्त कर प्रस्तुत की जाये ।

## युवती को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार , अपहृता बरामद

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना महुली उ0नि0 राकेश कुमार गुप्ता, म0हे0का0 पुष्पा यादव ने मु0अ0स0 465/2024 धारा 137(2)/87 बीएनएस थाना महुली जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त नाम पता धर्मवीर पुत्र जोगिन्दर निवासी सड़हरा थाना महुली को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनांक 21.12.2024 को थाना महुली पर वादिनी की पुत्री को उपरोक्त अभियुक्त द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

# अपनी मांगों को लेकर धरना रहेगा जारी बारिश पड़े या सर्दी : जितेंद्र हुड्डा

वेलकम इंडिया



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैट का धरना भीषण सर्दी में दूसरे दिन भी जारी रहा क्योंकि कोई भी अधिकारी किसानो की सुध लेने को तैयार नहीं है।इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत का धरना लगातार जारी है । अपनी समस्याओं को लेकर किसानों ने एसडीओ नजीबाबाद को फोन पर अवगत कराया परंतु एसडीओ नजीबाबाद में किसानों के साथ फोन पर अभद्रत व्यवहार किया ।जिसको लेकर किसानों में रोष व्याप्त हो गया और किसान 33/11 केवी उपकेंद्र आदर्श नगर बिजली घर धरने पर बैठ गए । और एसडीओ नजीबाबाद को अपने सम्मुख बुलाने की मांग पर अड़ गए ,परंतु अधिशासी अभियंता के लाख आश्वासन के बावजूद भी एसडीओ बिजली घर पर नहीं पहुंचे जिससे किसानों में रोष बढ़ता जा रही है ।उपभोक्ता अपना-अपना काम लेकर बिजली घर आ रहे हैं बिना रिश्वत के कोई भी काम किसी भी उपभोक्ता का नहीं हो रहा है। क्योंकि एक उपभोक्ता सोहेल नामक जलालाबाद से बिजली घर अपनी समस्या के लिए आए परंतु बिना रिश्वत के काम नहीं हो पाया। जिसकी सूचना धरने पर बैठे किसान नेताओं को लगी जब मामला किसान नेताओं के संपर्क में आया तो उक्त व्यक्ति का काम कर्मचारियों द्वारा एकदम कर दिया गया जिससे यह साबित होता है। कि बिना रिश्वत के बिजली घर में कोई काम होना नामुमकिन है क्योंकि सोहेल नामक व्यक्ति ने बताया कि मैंने एक कमर्शियल कनेक्शन के लिए अप्लाई किया था ।और मुझसे नो हजार रुपये अंकुर नमक आदर्श नगर बिजली बाबू ने लिए थे। जब से अभी तक कोई एस्टीमेट की रसीद मुझे बिजली विभाग द्वारा नहीं दी है ।जबकि एस्टीमेट की कमर्शियल राशिद कोई नो हजार रुपये की नहीं है ।

## गरीबों एवं निर्धन छात्रों में वितरित किए गए कम्बल




**संतकबीरनगर।** मौसम में बदलाव से ठंड बढ़ रही है। बदली छाई हुई है। पछुआ हवा से जाड़े का असर बढ़ रहा है। गर्म कपड़ों की जरूरत बढ़ गई है ।ऐसे मौके पर अहले हदीस तालीमी व रिफाही सोसाइटी दरियाबाद द्वार क्षेत्र के जरूरतमंद गरीबों और जामिया इस्लामिया दरियाबाद में पढ़ने वाले निर्धन छात्रों को जाड़े से बचाव हेतु कम्बल वितरित किए गया। जामिया दरियाबाद में आयोजित वितरण समारोह में सोसाइटी के प्रबन्धक मौलाना अतीकुर्रहमान नदवी ने गरीब ,निर्धन जरूरतमंद छात्रों में सौ कंबल वितरण किए ।इस अवसर पर अब्दुल फतताह ग्राम प्रधान,मो नईम नदवी,मौलाना निसार अहमद,मो फैज ,शब्बीर अहमद,रईस अहमद आदि मौजूद रहे।

## आकाशवाणी बचाओ मुहिम...

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि और उनकी अलौकिक मार्धुयमयी दिव्य लीलाओं की पावन - पुनीत ब्रजभूमि की महत्ता केवल देश तक ही सीमित नहीं हैं अपितु संसार के सभी देशों तक व्याप्त है। ब्रजभूमि का केन्द्र है मथुरा। मथुरा में आकाशवाणी का एक उपेक्षित केन्द्र स्थापित है। ब्रज साहित्य, एवं संगीत की दृष्टि से यह देश का सर्वाधिक समृद्ध केन्द्र है किन्तु विकास की दृष्टि से यह केन्द्र प्रारम्भ से ही उपेक्षित रहा है। इसे भी रिले केन्द्र बनाने से ब्रज संस्कृति का और नुकसान होगा। पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया ने सूचना प्रसारण मंत्री को पत्र लिखकर केन्द्र को रिले केन्द्र बनाने से रोकने का आग्रह की या है। ब्रज - साहित्य - संस्कृति के अधिकाधिक प्रसार से आकाशवाणी मथुरा केन्द्र को प्रसारण की दृष्टि से और अधिक उन्नत बनाये जाने के स्थान पर केन्द्र को ह्यरिले सेन्टरह्न बनाये जाने के निर्णय से जहाँ एक ओर ब्रज - साहित्य - संस्कृति का सन्देश सम्पूर्ण विश्व पर प्रसारित होने के ब्रज संस्कृति सम्बन्धी प्रसारण के कार्य में अवरोध उत्पन्न किया गया है जो उचित नहीं है। आकाशवाणी मथुरा से ब्रज सम्बन्धी कार्यक्रमों को और अधिक समृद्ध रूप में प्रसारित किये जाने की जरूरत है। ब्रजवासी और देश विदेश के कृष्ण भक्तों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए केन्द्र को रिले केन्द्र बनाने से रोकना आवश्यक है।

## वत्सलया बगा बनी हरियाणा की सूक्ष्म ,लघु एवं मध्यम उद्यम की वाइस चेयरमैन



**हरियाणा/हिसार।** अंबाला छावनी में आयोजित कार्यक्रम में आज चेयरमैन विजय कुमार ने बताया कि एमएसएमई प्रोमोशन काउंसिल इंडिया का वत्सलया बंगा को हरियाणा का वाईस चेयरमैन हरियाणा नियुक्त किया गया। इसके साथ ही अर्चना अनेजा को जिला डायरेक्ट फोरम अंबाला, पवन अनेजा नेशनल अध्यक्ष, डिप्टी वाइस चेयरमैन यशपाल आटवल नीरज मल्होत्रा सोनीपता सनी नागपाल , भावना डिप्टी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि लोग एमएसएमई लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की योजना है। एमएसएमई गवर्नमेंट व बैंकों के बीच एक ब्रिज का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद बैंकों का स्तर बढ़ा है। एमएसएमई के बारे में लोग सिर्फ एक छोटा सा लोन समझते हैं।

# प्रख्यात संत श्रीपाद बाबा महाराज का 28 वां समाराधन महोत्सव धूमधाम से संपन्न

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** मोतीझील स्थित श्रीराधा उपासना कुंज में ब्रज अकादमी के द्वारा चल रहे प्रख्यात संत श्रीपाद बाबा महाराज का 28 वां त्रिदिवसीय समाराधन महोत्सव अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ ।प्रातः संतों व भक्तों के द्वारा सुंदरकांड का संगीतमय सामूहिक पाठ किया गया ।तत्पश्चात महंतों व महामंडलेश्वरों का सम्मान किया गया ।इसके अलावा निर्धनों, निराश्रितों व वृद्ध महिलाओं को ऊनी वस्त्र व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया ।साथ ही संत-ब्रजवासी-वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा भी हुआ।

महोत्सव में पधारे चरणाश्रम के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी सत्यानंद सरस्वती महाराज (डॉ. अधिकारी गुरुजी) महाराज ने कहा कि ब्रज अकादमी के संस्थापक पूज्य श्रीपाद बाबा महाराज अत्यंत सहज व उदार संत थे ।वे सभी का कल्याण चाहते थे ।उन जैसे संतों से ही ब्रज मंडल की शोभा है। श्रीराधा उपासना कुंज के महंत बाबा संतदास महाराज व ब्रज अकादमी की सचिव साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया ने कहा कि हमारे सद्गुरुदेव पूज्य श्रीपाद बाबा महाराज नर सेवा को ही नारायण सेवा मानने थे ।पूज्य बाबा महाराज गौ, संत, निर्धन, निराश्रित एवं वृद्धों की सेवा में सदैव तत्पर रहते थे।

महोत्सव के समन्वयक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी व परम-हितधर्मी डॉ. चंद्रप्रकाश शर्मा ने कहा कि श्रीपाद बाबा महाराज ब्रज संस्कृति के उन्नायक थे ।उन्होंने अपने समूचे जीवन में लोक कल्याण के अनेकों सेवा प्रकल्प संचालित किए। जिनका निर्वाह बाबा महाराज की प्रमुख शिष्या साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया के द्वारा पूर्ण निष्ठा व समर्पण भाव से किया जा रहा है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर नवल गिरि महाराज, महंत रामकृपालु दास चित्रकूटी (भक्तमाली), बेरियावन के संत प्रवर मोनी बाबा महाराज, महामंडलेश्वर गोपीकृष्ण दास महाराज, संत सेवानंद ब्रह्मचारी, आचार्य नेत्रपाल शास्त्री, संगीताचार्य देवकीनंदन शर्मा, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, पण्डित रमाकांत शास्त्री, पिंकी माथुर, मीरा अरोड़ा, डॉ. राखी सक्सैना (मुम्बई), अश्वनी माथुर, जीतू पाण्डेय, विमला देवड़ा, लक्ष्मण माहेश्वरी, रामजीवन शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, मोहन सिंह, डॉ. लक्ष्मी माहेश्वरी, राजेश, वैभव (मुरादनगर), श्रीलाल शयाल, ममता खट्टर, प्रोफेसर अनिल सारस्वत, भानू प्रताप सारस्वत, वेणु सरीन, जगनमोहन त्रेहन, रमेश कोचड़, ब्रजमोहन हांडा, सुंदरी देवी, गीता, सीमा त्रिपाठी, अनुपमा माथुर, भक्ति रीता आदि रहे।

## दो बाइकों की आपस मे टक्कर एक की मौत दो घायल

वेलकम इंडिया



**बाजार शुकुल/अमेठी।** दो बाइको की टक्कर से तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगो ने घायलो को ईलाज हेतु अस्पताल मे भर्ती कराया जहां चिकित्सको ने एक को मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना पर पहुंची।

शुकुल बाजार थाना क्षेत्र अन्तर्गत 30/11/2024 दिन सोमवार समय करीव 2.30 बजे नरायन निषाद ग्राम महावीर का पुरवा मजरे मखदुमपुर कला निवासी अपने लड़के अनिल कुमार उम्र बीस वर्ष के साथ मोटर साइकिल से शुकुल बाजार खेत की सिचाई करने के लिए पाईप लाने जा रहे थे गयासपुर चौराहे पर पहुंचे ही थे कि शुकुल बाजार की तरफ से मोटरसाइकिल से आ रहे काजीमदार्पुर निवासी

जगदीश की मोटरसाइकिल और अनिल कुमार की मोटर साइकिल आपस में टकरा गई जिससे दोनों लोग घायल हो गए मौजूद लोगों कि सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार लायी जहां से उन्हें एंबुलेंस द्वारा गौरीगंज अस्पताल भेजा गया जहां उपचार के दौरान नरायन की हालत गंभीर होती देखट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया किंतु ट्रामा सेंटर पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई वही अनिल का इलाज चल रहा है काजीमदार्पुर निवासी जगदीश की हालत नाजुक बनी हुई है नरायन की मौत की खबर परिजनों तक पहुंची तो घर में चीख पुकार से कोहराम मच गया

## टॉप 10 में से 5 स्थान पर विजेता रहा रिद्धनाथ विद्यालय बालक



वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार।** गोरखपुर में आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में रिद्धनाथ विद्यालय ने प्रथम दस पॉज़िशन में से पाँच पॉज़िशन हासिल करके पुरे क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया। विद्यालय प्रबंधक जगदीप रेड्डू ने बताया की प्रतियोगिता में सैकड़ों स्कूलों के हजारों विद्याथीयों ने भाग लिया और रिद्धनाथ विद्यालय ने अपना चिर परिचित अंदाज दोहराते हुए पाँच स्थानों पर कब्जा किया।

विद्यालय प्रधानाचार्य रामवतार सिंह ने बताया कि रजत पुत्र प्रदीप (कनोह) ने द्वितीय स्थान, नैंसी पुत्री प्रदीप ( बालक) ने चौथा स्थान, सौम्या पुत्री सुरेश (बालक) ने पाँचवाँ स्थान, हंसु पुत्री शिवप्रकाश ( बालक) ने छठा स्थान व ऋतु पुत्री ओमप्रकाश ( बालक) ने सातवाँ स्थान हासिल किया । विद्यालय पहुँचने पर सभी विजेताओं का भारी करतलध्वनि के साथ स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय संचालक श्री साधु राम रेड्डू ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया और स्टाफ व अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि हमें इस परंपरा को बनाये रखना है ताकि अन्य विद्यार्थी भी प्रेरणा लेकर अपने भविष्य को सँवार पांए ।

## सेवा का मार्ग ही सच्चा धर्म है

# नेत्रज्योति प्रदान करना किसी के जीवन में नई रोशनी लाने जैसा है: परम पूज्य श्रीमद् जगद्गुरू पीपाद्धाचार्य बलरामदास देवाचार्य महाराज

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** सेवा का मार्ग ही सच्चा धर्म है। नेत्रों के माध्यम से केवल दृष्टि ही नहीं, बल्कि जीवन में प्रकाश भी मिलता है। यह निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर, जो मानवता की सेवा के उद्देश्य से आयोजित किया गया है, ईश्वर की कृपा और आपके सहयोग का प्रतीक है। जो लोग इस कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं, वे वास्तव में समाज के प्रकाशस्तंभ हैं। नेत्रज्योति प्रदान करना किसी के जीवन में नई रोशनी लाने जैसा है। यह शिविर न केवल शारीरिक दृष्टि को सुधारने का एक प्रयास है, बल्कि आंतरिक दृष्टि को भी उज्जवल करने का एक साधन है। मैं उन सभी का आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने इस पुनीत कार्य में योगदान दिया। मेरी प्रार्थना है कि भगवान श्रीकृष्ण आप सभी को सदैव सुख, समृद्धि और शांति प्रदान करें। यह विचार परम पूज्य श्रीमद् जगद्गुरू पीपाद्धाचार्य बलरामदास देवाचार्य महाराज ने गोविन्दराम गोयल चैरी0 ट्रस्ट, कोलकाता के सौजन्य से कल्याणं करोति, मथुरा द्वारा आयोजित निःषुल्क चिकित्सा षिविर के समापन समारोह के अवसर पर श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा के प्रागंण में व्यक्त की।

आनन्द अग्रवाल, प्रबन्ध ट्रस्टी, गोविन्दराम गोयल चैरी0 ट्रस्ट, कोलकाता ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कल्याणं करोति, मथुरा नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अद्वितीय सेवा कार्य कर रहा है। उनका प्रयास न केवल नेत्र ज्योति प्रदान करना है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के जीवन को बेहतर बनाने का एक संकल्प है। मैं इस सराहनीय कार्य के लिए कल्याणं करोति और इसके समर्पित सदस्यों को बधाई देता हूँ।

कल्याण दास अग्रवाल( बृजवासी टंच) ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से अनेक नेत्र रोगियों को नई दृष्टि मिली है, जो उनके जीवन में प्रकाश और आशा लेकर आई है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह ऐसे पुनीत कार्यों में सहयोग देकर मानवता की सेवा में अपना योगदान दे। मैं इस महान कार्य के लिए सभी आयोजकों और सहयोगियों को हृदय से धन्यवाद देता हूँ। मंच का संचालन सात्विक उपाध्याय द्वारा किया गया।

संस्था के महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि कल्याणं करोति नेत्र संस्थान का शुभारंभ कल्याणं करोति, मथुरा द्वारा 22 जनवरी 2025 को किया जाएगा। हमें समाज के जरूरतमंद वर्गों की और अधिक सेवा करने का मौका मिलेगा। गोविन्दराम गोयल चैरी0 ट्रस्ट, कोलकाता के सौजन्य से कल्याणं करोति द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में दूर-दराज अंचलों से आये 1875 नेत्र रोगियों ने पंजीकरण कराकर परीक्षण कराया जिसमें से 750 नेत्र रोगियों के मोतियाबिंद रोगियों के निःषुल्क नेत्र ऑपरेशन श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा पर संपन्न किए गए।

# तहसील और पालिका प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में सरकारी भूमि को कराया कब्जामुक्त

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका और तहसील प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में नगर के बाजपुर मार्ग स्थित सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाकर उसको कब्जामुक्त कराया ।प्रशासन ने जमीन की सुरक्षा के मद्देनजर उसके चारों ओर तार खिंचवाकर सीमांकन भी किया, ताकि भविष्य में फिर से कोई उसपर अतिक्रमण न कर सके।

नगर के बाजपुर मार्ग पर मदरसे के पास सड़क किनारे सरकारी आराजी गाटा संख्या 53 रकबा 0.841 हेक्टेयर स्थित है ।जो राजस्व अभिलेखों में पजावा भूमि के रूप में दर्ज है ।जिसपर नगर के कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था ।20 दिन पूर्व भी प्रशासन ने अभियान चलाकर उक्त आराजी को कब्जामुक्त कराया था।

चेतावनी दी गयी थी कि दोबारा कब्जा करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।इसके बावजूद लोगों ने जमीन पर पुनः अवैध कब्जा कर लिया ।इसकी शिकायत नगर के कुछ सामाजिक व राजनीतिक लोगों द्वारा जिलाधिकारी से की गई थी ।शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने उप जिलाधिकारी टाण्डा और अधिशासी अधिकारी को पैमाइश उपरांत सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर सुरक्षा की दृष्टि से उसके चारों ओर तार खिंचवाकर सीमांकन कराये जाने के निर्देश दिए।

डीएम के निर्देश पर मंगलवार को तहसील एवं नगर पालिका प्रशासन ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर गाटा संख्या 53 की नियमानुसार पैमाइश कराने के उपरांत अवैध अतिक्रमण हटवाकर जमीन को कब्जामुक्त कराया। इसके साथ ही प्रशासन ने जमीन की सुरक्षा के लिए चारों ओर भीटे लगवाकर तार खिंचवाकर सीमांकन भी किया, ताकि भविष्य में फिर से कोई अतिक्रमण न कर सके।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार, नायब तहसीलदार अमित कुमार, कानूनगो करुणापति सक्सेना, उपनिरीक्षक रामकुमार व पंकज कुमार सहित लेखपाल नवीन काम्बोज, पालिका के वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी,लेखा लिपिक शुभम भारती सहित पालिका एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



# अभाअ महासभा ने सभी सदस्य अपने-अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा से करें : मृदुला अग्रवाल

वेलकम इंडिया



**झांसी।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमती किरन अग्रवाल चौड़ेले के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष श्रीमती रेखा अग्रवाल की अध्यक्षता में नए वर्ष की शुरूआत के साथ नए सत्र का आगाज हुआ।

जिसमें नूतन वर्ष का सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट तथा हर्षोल्लास के साथ नये मंत्रीमंडल का स्वागत किया तथा सभी सदस्यों को विभिन्न विभिन्न पदों की ज़िम्मेदारी दी गई वहीं अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल ने सभी का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि सुख, संपत्ति, सादगी, सफलता, स्वास्थ्य, सम्मान, कीर्ति, शांति एवं समृद्धि तथा मंगल कामनाओं के साथ हमारे इस परिवार को और अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा से जुड़े सभी अग्र बहनों को नूतन वर्ष व नए सत्र की शुरूआत की शुभकामनाएं तथा सभी चुने हुए पदाधिकारीयों को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं । वहीं सभी सदस्यों को यादगार के रूप में मोमेंटो व पदाधिकारीयों को पिन भी दिए गए तथा सभी को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मृदुला अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री किरन अग्रवाल चौडेले, रेखा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ममता पार्षद,सचिव मनीषा, कोषाध्यक्ष नीलम,बीना, रितु, कल्पना, भावना, रश्मि गोयल, सीमा मारबल, भारती, रुद्र,चन्दा, अनीता, सुनीता, शिवा,रजनी सुरेंद्र, ज्योति, साधना, किरन, लीला , सुषमा, विमला, अर्चना, ममता,अनीता, रितु,मधू,रश्मि, शालिनी, दीपासुलभ, काव्या, जयंती, गुंजन सहित आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

# पीस पार्टी ने उठाई धर्म निरपेक्षता और सामाजिक न्याय की आवाज

वेलकम इंडिया



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** पीस पार्टी के तत्वावधान में 31 दिसंबर 2024 को विधानसभा शोहरतगढ़ क्षेत्र के पंडित बाबूराम शुक्ल इंटर कॉलेज, तुलसियापुर चौराहे पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अय्यूब सर्जन ने की। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने देश में बढ़ती सांप्रदायिकता, नफरत की राजनीति और संविधान के उल्लंघन पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

डॉ. अय्यूब ने कहा कि देश में धर्म, जाति और मंदिर-मस्जिद जैसे मुद्दों के नाम पर नफरत फैलाने का सिलसिला जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे कुछ लोग संविधान और न्याय की शपथ का उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, जो लोग समाज में जाति और धर्म के नाम पर दहशत फैला रहे हैं, संविधान का उल्लंघन करने का काम कर रहे हैं, वे न तो देशभक्त हो सकते हैं और न ही मानवतावादी। ऐसे लोगों को मैं आतंकवादी मानता हूं। ये लोग भारतीय संस्कृति और सदियों पुराने आपसी भाईचारे को नष्ट कर रहे हैं।प्रेस वार्ता में डॉ. अय्यूब ने संविधान की धारा का हवाला देते हुए कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हैं। उन्होंने कहा, संविधान धर्म, जाति और समुदाय के आधार पर भेदभाव की इजाजत नहीं देता। लेकिन स्वतंत्रता के बाद से अब तक मुसलमान, दलित, पिछड़े और गरीब लगातार उपेक्षित हो रहे हैं। बिना राजनीतिक शक्ति के गरिमापूर्ण जीवन और राष्ट्र निर्माण का सपना साकार नहीं हो सकता।डॉ. अय्यूब ने आपसे बात और आपके साथ कार्यक्रम की शुरूआत की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी साहसी युवाओं, विद्वानों, और सामाजिक कार्यकताओं से संवाद करेगी। इसका उद्देश्य समाज में क्रांति लाना, पीड़ितों को न्याय दिलाना और राष्ट्र के विकास में योगदान देना है। प्रेस वार्ता में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। इनमें एकलव्य पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद निषाद, महासचिव अफरोज बादल, कलीमुल्लाह फैजी, अब्दूसलाम, एजाज अहमद, मौलाना गुलजार अहमद, इकबाल अहमद, मौलाना शफीक, मौलाना अब्दुल कय्यूम, इजहार अहमद असरी और अंसार अहमद खान जैसे प्रमुख नाम शामिल थे। यह आयोजन समाज को नफरत की राजनीति से बचाने और न्याय व समानता के संदेश को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ।

## धुराफाट क्षेत्र में गुलदार का आतंक

**बागेश्वर,काफलीगैर।** जिले के काफलिगैर तहसील के विभिन्न गांवों में गुलदार का आतंक बना हुआ है।गुलदार ने रेखोली गांव में बालम सिंह रावत की डेढ़ साल की गाय की बछिया को गांव के पास ही चरागाह में अपना निवाला बना लिया।सोमवार दोपहर बाद गांव के समीप ही अचानक गुलदार ने पशुओं के झुंड पर हमला कर दिया।इस दौरान एक बछिया को अपना निवाला बना लिया।तभी ग्रामीणों की चीखपुकार के बाद गुलदार घायल अवस्था मे बछिया को छोड़कर जंगल की तरफ भाग गया।जहां ग्रामीण बछिया को घायल अवस्था मे पशुपालक के पास ले गए।जहां इलाज के दौरान बछड़े की मौत हो गई।वही क्षेत्र में असौ पाना, कठानी सहित रीठागाड़ क्षेत्र के गांवों में भी आए दिन गुलदार का आतंक बने रहता है।गत दिवस कठानी गांव में किशन की की बकरी को भी गुलदार ने अपना निवाला बना लिया था। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गुलदार के आतंक से निजात दिलाने के लिए गुलदार को पिंजरे में कैद करने की अपील की है।

## झांसी थोक वस्त्र व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न

# अशोक अध्यक्ष, संजय महामंत्री, पंकज बने कोषाध्यक्ष



वेलकम इंडिया

**झांसी।** आज झांसी थोक वस्त्र व्यापार मंडल का चुनाव पंजागिर मंदिर मे मुख्य चुनाव अधिकारी वीरेंद्र जैन, चुनाव अधिकारी दीपेश अग्रवाल, कमलेश मोदी, रंजन चतुर्वेदी के देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर अशोक सिंघल 124 मतों से, संजय सेठ महामंत्री 122 मतों से, पंकज अग्रवाल कोषाध्यक्ष 78 मतों से विजय प्राप्त की

इस अवसर पर चुनाव अधिकारी ने विजय प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र देकर विजय होने की घोषणा की इस प्रतिष्ठित चुनाव में कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय पटवारी, व्यापारी नेता उमेश गुप्ता ने विजय प्रत्याशियों को माला पहनकर सम्मानित किया वह कहा कि यह ऐतिहासिक चुनाव में अशोक सिंघल चौथी बार अध्यक्ष बना एवं संजय सेठ को पांचवीं बार महामंत्री बन कर अपने आप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है, व्यापार मंडल ने हमेशा व्यापारिक समस्याओं का समाधान एवं निदान किया है

इस अवसर पर संरक्षक ओमप्रकाश कुमार मर, राजेंद्र पहाड़िया, राजेंद्र पटवारी ₹राजू₹, ओम प्रकाश सेठ, महेंद्र मर, बॉबी अग्रवाल, लवलेश अग्रवाल, रामकुमार बरसैया,पंकज अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, मनोज सेन, आलोक मिश्रा, अरुण बरसैंया, सौरभ जैन, राजेश हेरवानी, रामशरण सरावगी आदि लोग ने विजय प्रत्याशियों को बधाई देते हुए बाजारों में विजय प्रत्याशी का जुलूस निकालकर अभिनंदन एवं स्वागत किया

## साइबर क्राइम के प्रति लोगो को किया गया जागरुक



**कछवांरोड।** मिजार्मुराद कस्बे में पुलिस बूथ के पास व कछवांरोड चौराहे पर मंगलवार की सुबह मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्रामीणों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया।थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को बताया कि अगर आपके मोबाइल पर कोई भी फोन आता है बैंक या अन्य कोई भी संस्था का है बताकर मोबाइल पर ओटीपी पूछता है तो कतई न बताए अगर कोई भी जानकारी आप से मोबाइल के जरिये पूछा जाता है तो उसे बचे और व्हाट्सएप पर या मैसेंजर किसी भी तरह के वीडियो कॉल आते है तो अगर आप उनको नही जा रहे है तो वीडियो कॉल न उठाएं।अगर कोई आपको किसी दूसरे माध्यम से मैसेज कर के पैसा मांगता है तो न दे।आप सभी अपने भी जागरूक रहे साथ ही आसपास के लोगो को भी जागरूक करे।इस दौरान चौकी प्रभारी करधना रोहित दुबे, एसआई मधुसूदन त्रिपाठी, साबिर खान समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# समाजसेवी व इंजीनियर कवीश राणा द्रोण रतन अवॉर्ड 2024 से सम्मानित

वेलकम इंडिया



**नूरपुर।** श्री राम संतोष गार्डन गोहावर के स्वामी समाज सेवी व इंजीनियर कवीश राणा को इंजीनियरिंग एवं समाज सेवा के क्षेत्र मे द्रोण रतन अवार्ड से सम्मानित किया गया। पदम भूषण, भारत रत्न, रतन टाटा के सम्मान में उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड की उभरती प्रतिभाओं, देश-समाज के महान योद्धाओं को द्रोण रतन अवार्ड 2024 से सम्मानित करने के लिए श्री राम संतोष गार्डन गोहावर एवं स्मार्ट सिटी महानगर मुरादाबाद इंजीनियर कवीश राणा को रिवर्स हेरीटेज, रिजॉर्ट, गर्जिया रोड, जिम कॉर्बेट, रामनगर उत्तराखंड में आमंत्रित किया गया। रामनगर होटल के प्रांगण मे इंजीनियर व समाजसेवी कवीश राणा मुरादाबाद महानगर को अपनी नई सोच-नये डिजाइनों से सुसज्जित करे ऐसी शुभकामनाओं के साथ आर्किटेक्ट उज्जवल राणा को महाभारत सीरियल में गुरु द्रोणाचार्य का अभिनय करने वाले सेलिब्रिटी सुरेन्द्र पाल सिंह व इंटरनेशनल सेलिब्रिटी एलिना टुटेजा ने द्रोणरत्न अवार्ड 2024 से सम्मानित किया।

यह सम्मान इंजीनियर कवीश राणा को आर्किटेक्चर डिजाइनिंग व इंटीरियर डेकोरेशन एवं समाज सेवा की श्रेणी में प्रदान किया गया।

समाज सेवी व इंजीनियर कविश राणा ने नूरपुर क्षेत्र, जिला बिजनौर व मुरादाबाद जिले का नाम रोशन किया है। बता दें कि कवीश राणा सामाजिक धार्मिक रूप से भी अपनी भूमिका के लिए विशेष पहचान रखते हैं। उनको यह अवॉर्ड मिलने से उनके समर्थकों में भारी उत्साह है और उनको बधाई देने वालों का तांता लग गया। कवीश राणा ने सभी का आभार प्रकट किया है।

## युवती से छेड़छाड़ कर मारपीट करने का लगाया आरोप

**कांधला।** कस्बे की रेलवे मंडी निवासी एक युवती ने एक युवक पर छेड़छाड़ कर मारपीट करने का आरोप लगाया है पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे की रेल मंडी निवासी एक युवती ने बताया कि वह नगर के रेलवे मार्ग पर सामान लेने के लिए आई हुई थी, आरोप है कि तभी एक आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की हरकत कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की है। पीड़िता का आरोप है शौर शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। गौरतलब है कि युवती के द्वारा पूर्व में भी दो लोगों के द्वारा छेड़छाड़ करने का अभियोग दर्ज कराया गया था।मंगलवार को युवती ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने युवती का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कार्रवाई का आश्वासन देते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## क्रेता सम्पत्ति खरीदें, विवाद बिल्कुल नहीं : सब रजिस्ट्रार

वेलकम इण्डिया



**सिद्धार्थनगर।** विधिवत जांच पड़ताल कर ही अचल सम्पत्ति क्रय करें व अचल सम्पत्ति खरीदने वाले क्रेताओं से अनुरोध एवं अपेक्षा है कि किसी भी सम्पत्ति को क्रय करने के पूर्व सावधान रहें एवं आवश्यक जांच पड़ताल कर विवाद रहित भूमि ही क्रय करें। क्योंकि आप सम्पत्ति क्रय करते हैं विवाद नहीं। उक्त बातें सब रजिस्ट्रार सुशील कुमार श्रीवास्तव एवं सहायक आयुक्त स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कही है।

उन्होंने कहा कि अचल सम्पत्ति खरीदने और बेचने वाले जागरूक हो जाएं। आप कोई अचल सम्पत्ति, कृषि भूमि भवन या प्लॉट खरीदने जा रहे है तो यह बातें भी जान लेनी चाहिए। भूमि का एक टुकडा खरीदने में आपके आधे जीवन तक की बचत खर्च हो सकती है और हो जाती है। अतः आपको यह सावधानी जरूर बरतनी चाहिए। सर्वप्रथम आपको उक्त सम्पत्ति का भौतिक सत्यापन करना परम आवश्यक है। आपको विक्रेता से जरूरी दस्तावेज की भी मांग करनी चाहिए।

## हिंडौन से आए भक्तों ने गिरिराज को अर्पित किए छप्पन भोग



**मथुरा/गोवर्धन।** कस्बा के लक्ष्मीनारायण मंदिर में राजस्थान हिंडौन से आए भक्तों द्वारा गिरिराज प्रभु का भव्य फूल बंगला व छप्पन भोग अर्पित किया गया।मंगलवार को भक्तों ने गिरिराज जी की परिक्रमा लगाई। गिर्राज प्रभु के जयकारों के बीच भक्त अपने आराध्य के दर्शन को अपलक निहारते रहे। इस अवसर पर गिर्राज प्रसाद तिवारी ने बताया कि गिरिराज जी की कनक दंडवती परिक्रमा की समाप्ति पर प्रभु को छप्पन भोग व भव्य फूल बंगला सजाया गया है। इस मौके पर सेवायत राजू कौशिक, सचिन कौशिक, राहुल कौशिक, अजय कौशिक, गिर्राज प्रसाद तिवारी, आशीष प्रताप शर्मा, धीरज तिवारी, अश्वनी प्रणाम शर्मा, शिवशंकर भौरा, युवराज भौरा, आदि थे।

## चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने ठंड से बचाव के लिए कर्मचारियों में बांटा जैकेट



वेलकम इण्डिया

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत बढ़नी के चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने नगर पंचायत कार्यालय पर ठण्ड को देखते हुए मंगलवार को नगर पंचायत कर्मचारियों को जैकेट उपलब्ध करवाया गया। इस दौरान चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कहा कि यही कर्मचारी हमारे नगर को साफ और स्वच्छ रखते हैं। उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होती है। उन्होंने कहा कि जो भी इस ठंडी में उनको जो भी जरूरत होगी उपलब्ध करवाया जायेगा। कभी भी इनके सुरक्षा एवं स्वास्थ्य में कोई कमी नहीं की जायेगी। इस दौरान राजू, सेवा लाल, हरीश, अनिल, रामराज, भीमसेन यादव, महावीर, संतोष कुमार सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहें।

## व्यापारी ने किसान पर लगाया रुपए नहीं देने का आरोप

**कांधला।** नगर के रेलवे मार्ग निवासी एक व्यापारी ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान पर उसके हजारों रुपए नहीं देने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मंगलवार को नगर के रेलवे मार्ग निवासी व्यापारी सचिन जैन ने बताया कि उसने भारतीय स्टेट बैंक के निकट पशु आहार बेचने की दुकान खोल रखी है। पीड़ित व्यापारी का आरोप है कि लगभग सात महा पूर्व थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी एक किसान ने पीड़ित की दुकान से 70 हजार रुपए का पशुओं का आहार उधार लिया था और एक माह में रुपए देने का वादा किया था। पीड़ित के द्वारा लगातार अपने रूपयों की मांग की जा रही है मगर आरोपी लगातार पीड़ित के रुपए देने के बजाय झूठे वादे कर आश्वासन दे रहा है। पीड़ित का आरोप है कि मंगलवार को पीड़ित अपने रुपए लेने के लिए गया था तो आरोपी ने रुपए देने से मना कर दिया और उसके साथ गाली गलौज भी की।

# नव वर्ष की पूर्व संध्या पर बोर्ड और स्कूल सजावट गतिविधि आयोजित

वेलकम इंडिया



**नूरपुर।** नववर्ष की पूर्व संध्या पर फ्यूचर एकेडमी शिवाला कला में विद्यार्थियों ने हाउस बोर्ड और स्कूल सजावट की इस दौरान बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। सजावट गतिविधियों में छात्रों ने रंग-बिरंगे पोस्टर क्रिएटिव, पेंटिंग और हस्तस्लिप का उपयोग किया बच्चों ने थीम आधारित सजावट की जिसमें नया साल नई उम्मीदें और हरियाली और स्वच्छता जैसे विशेष शामिल थे।

इस मौके पर स्कूल प्रांगण को गुब्बारों, लाइट्स और रंगोली से सजाया गया। इस गतिविधि में कलाम हाउस प्रथम मिष्ठान पर, बोस हाउस द्वितीय स्थान पर , रमन हाउस तृतीय स्थान पर एवं आर्यभट्ट हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा। कलाम हाउस से कनिष्का, खुशी, जतीन, दर्शिका, अंकित, वंशिका, खुशबू, दिशांत आदि ने प्रतिभाग किया। बोस हाउस से नैना, रिया, कुनाल, गौरवित, कनिष्का, अक्षित, तविष आदि ने प्रतिभाग किया। रमन हाउस से परी, प्रज्ञा, आराध्या, प्राची, सोफिया, मानसी, प्रदुमन, अमन लक्षिता आदि ने प्रतिभाग किया। आर्यभट्ट हाउस से माही, अहमद, प्रांजुल, अमरिन, अनाम्ता आदि ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर संघर्ष चौहान एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

# सर्दी से बचने के लिए इन चीजों को दूध में मिलाकर पिएं मौसमी बीमारियों से होगा बचाव : डा0 शादाब अंसारी

वेलकम इण्डिया



**शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़.के वार्ड नं0-14 मां भारती नगर के डा0 अंसारी क्लीनिक के फिजिशियन एण्ड सर्जन डा0 शादाब अंसारी ने बताया कि दूध का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। वैसे तो यह बात हम सभी जानते हैं। वहीं बचपन से ही दूध पीना हमारी डाइट का एक अहम हिस्सा बन जाता है। तो वहीं दूध पीने के दौरान हम उसमें कई चीजों को भी शामिल करते हैं, जिससे दूध की गुणवत्ता बढ़ जाती है। ऐसे में सर्दियों के मौसम में आप लोग दूध में कुछ ऐसी चीजों को मिक्स कर सकते हैं, जो शरीर को अन्दर से गर्म रखती हैं। साथ ही दिमाग और बाकी सेहत का भी ध्यान रखती हैं।

डा0 शादाब अंसारी ने बताया कि ऐसी बहुत सारी चीजें आपकी रसोई में मौजूद हैं, जिन्हें सर्दियों में दूध में उबालकर पीने से दूध की गुणवत्ता दोगुनी हो जाती है। यह हमारे पूरे स्वास्थ्य के लिए काफी बेनिफिशियल होती है। ऐसे में आप भी अपने बच्चों की डाइट में इन चीजों को शामिल कर सकते हैं। ऐसे में आज आपको इन चीजों के बारें में बताने जा रहे हैं।

**बादाम वाला दूध विटामिन और फूड सप्लीमेंट खरीदें :** बादाम और दूध से अच्छा कॉम्बिनेशन और क्या हो सकता है। क्योंकि बादाम और दूध दोनों ही पोषक तत्वों से भरपूर होता है और यह हमारे पूरे स्वास्थ्य और दिमाग को भी बूस्ट करने का काम करता है। वहीं बादाम बच्चे भी बड़े चाव से खा लेते हैं। वैसे तो सर्दियों में आपको बादाम के दूध का सेवन जरूर करना चाहिए। आप दूध में बादाम का पाउडर डालकर भी पी सकते हैं। या फिर आप दूध में बादाम को ऐसे ही पकाकर पी सकते हैं।

**अदरक वाला दूध :**सर्दियों में शरीर को गर्म रखने के लिए आप दूध में थोड़ा सा अदरक का टुकड़ा डालकर उसे उबालकर पी सकते हैं। यह दूध में अच्छा फ्लेवर एड करने के साथ ही सेहत के लिए भी काफी अच्छा होता है। वहीं रोजाना अदरक वाले दूध का सेवन करने से आपका शरीर गर्म रहता है और मौसमी बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। साथ ही यह पाचन शक्ति को भी दुरुस्त रखने में सहायक होता है।

**खजूर और दूध :**खजूर और दूध एक बेहतरीन हेल्थ टॉनिक है। यह शरीर को गर्म रखने के साथ पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने और याददाश्त को बूस्ट करने में काफी मददगार होता है। अगर आप रोजाना 2-3 खजूर का दूध के साथ सेवन करने से शरीर में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और कॉपर जैसे कई पोषक तत्व मिल जाते हैं। इसलिए आपको अपने डाइट में इसे जरूर शामिल करना चाहिए।

**जायफल और दूध :**सर्दियों में दूध के साथ चुटकी भर जायफल का पाउडर मिलाकर पीने से शरीर को गर्माहट मिलती है। क्योंकि इसकी तासीर गर्म होती है और जायफल ठंड में शरीर को अन्दर से गर्म बनाये रखने में सहायता करता है। इसका सेवन करने से मौसमी बीमारियों का खतरा कम होता है। जायफल में भरपूर मात्रा में विटामिन-सी पाया जाता है।

## भरभरा कर गिरी कच्ची दीवार एक युवक एवं मासूम बच्ची घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में एक व्यक्ति की घर की कच्ची दीवार भरभरा कर गिरने से एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि एक युवक मामूली रूप से घायल हो गया। शोर शराबा होने पर आस पड़ोस के लोगों ने दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी, जबकि घायल बच्ची को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।



थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी आस मोहम्मद की तीन वर्षीय पुत्री तमन्ना अपने घर में खेल रही थी। इसी बीच घर की कच्ची दीवार भरभरा कर गिर गई। दीवार गिरने से दीवार के नीचे खेल रही है बच्ची तमन्ना और पास ही खड़ा युवक इमरान निवासी लोनी दीवार के नीचे दब गए। शोर शराबा होने पर आस-पड़ोस के लोगों ने दीवार के नीचे दबी बच्ची ओर युवक इमरान को दीवार के मलबे नीचे से निकाला। मोहल्ले के लोगों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी है, और घायल बच्ची की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

# इफको एमसी ने किया किसान गोष्ठी का आयोजन



वेलकम इण्डिया

**उसका बाजार/सिद्धार्थनगर।** उसका क्षेत्र के अमवा ग्राम सभा में इफको एमसी के द्वारा मंगलवार को किसान गोष्ठी का अयोजन किया गया । किसान गोष्ठी में इफको एमसी के क्षेत्रीय अधिकारी योगेंद्र कुमार ने किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि गेहूं के फसल में सही समय पर खरपतवारनाशी का दवा उपयोग करे जिससे खरपतवार पूर्ण रूप से नष्ट हो जाए और फसल के उत्पादन में वृद्धि हो । इसके साथ इन्होंने इफको एमसी सल्फर के बारे में कहा कि तिलहन के फसल में सबसे अच्छा कार्यगर है तेल की मात्रा को बढ़ाता है । कृषि से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियां दी इस दौरान एग्रीजंक्शन वन स्टॉप शॉप के प्रोपराइटर अनंत कुमार मिश्र किसान चंद्रिका वर्मा , मोनू यादव, शहाबुल, भूपेनारायण, दशरथ ,घरभरन, उमेश चंद्र, नसीर अहमद, रामकिशोर, पंकज आदि मौजूद रहे।

# आरोपियों से मिलीभगत कर तथ्य विहिन एफ आर पेश करने वाले एसएचओ के विरुद्ध आईजी व एसपी को कराई शिकायत दर्ज

■ एसएचओ थाना मान टाऊन ने आरोपियों को बचाने के लिऐ नहीं की कानूनी बिंदुओं की जांच - कैसे मिले न्याय - प्रोटेस्ट पिटीशन करेंगे दायर : राजा भईया






वेलकम इंडिया

**सवाई माधोपुर।** कहा जाता है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो कोई क्या करे जिले के थाना मान टाऊन प्रभारी उप निरीक्षक जगदीश चंद्र पर निष्पक्ष एवं कानूनी जांच बिंदुओं पर जांच ना करने और आरोपियों से मिलीभगत कर उन्हें कानून से बचाने के लिऐ तथ्य विहिन एफ आर आदलत में पेश करने का आरोप लगाते हुऐ आज शिकायतकर्ता हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख और दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरिक्षक और जिले के पुलिस अधीक्षक को अलग अलग दो लिखित शिकायतें दर्ज कराई है, शिकायतों की प्रतियां पत्रकारों को देते हुए राजा भईया ने बताया कि उन्होंने दो अलग अलग शिकायतें वर्ष 2023 में थाना मान टाऊन के प्रभारी को दी थी जिनमें आरोपियों के द्वारा संज्ञेय, कॉग्निजेवल ऑफिंस कारित करने के आरोपों का खुलासा किया गया था परन्तु तत्कालीन पुलिस अधिकारीयों ने जान बूझ कर तब भी आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं की थी जिस पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक महोदय को भी शिकायतें की थी तब भी मुकदमे दर्ज नहीं किए गए थे तो मजबूरन उन्होंने जिले के एसीजीएम की आदलत में दो अलग अलग इस्तगासे दायर किए थे जिन पर सभी तथ्यों और दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद आदलत ने उपरोक्त थाना प्रभारी को दो अलग अलग मुकदमे दर्ज कर जांच करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने के आदेश पारित किए थे जिन पर दिनांक 04/09/2024 को उपरोक्त थाने में एक एफआईआर न० 280/2024 धारा 420,406,467,471,120 बी166,166 ए, भादस. के तहत नगर पार्षद योगेन्द्र सिंह उर्फ विक्की उनके भाई राजेंद, तत्कालीन नगर परिषद सवाई माधोपुर की सभापती, नगर आयुक्त व अन्य सम्बंधित अधिकारियों द्वारा मिलीभगत कर अपराधिक षडयंत्र कर धोखा धडी करने राजस्व की चोरी करने कूट रचित दस्तावेज बना कर नगर परिषद के दो भू खण्डों को हड़पने से जुड़े मामले में उन के विरुद्ध व दूसरी ऋकफ ठङ्क 281/2024, धारा 166,166 अ,188,120 इ,34 भादस. के तहत तत्कालीन थाना प्रभारी ऑन ड्यूटी 18/09/2023 व जांच अधिकारी अरक हरिलाल के विरुद्ध नियम अनुसार अपनी ड्यूटी व जिम्मेदारी नहीं निभाने तथा संज्ञेय, कॉग्निजेवल ऑफिंस का खुलासा किए जाने के बाद भी शिकायतकर्ता की एफ आई आर दर्ज ना करने व सरकारी आदेशों की अवेहलना किए जाने के सन्दर्भ में की गई थी और दोनों ही प्रकरणों की जांच वर्तमान रल्ढड जगदीश चंद्र ने अपने जुम्मे कर ली थी, लगभग साढ़े तीन महीनों में ही उपरोक्त जांच अधिकारी ने दोनों केसों की जांच पूरी करते हुऐ आरोपियों से मिलीभगत कर उन्हें लाभ पहुंचाने और कानून से बचाने के लिऐ कानूनी बिंदुओं पर निष्पक्ष जांच ना करते हुए मात्र खाना पूर्ति कर तथ्य विहिन दो एफ आर आदलत में यह कहते हुए पेश कर दी कि मामला अदम बाकू आमदन झूठ के होने पाए गए हैं, जबकि दोनों ही प्रकरणों में अदालत द्वारा सभी तथ्यों और दस्तावेजों के अवलोकन के बादऔर दोनो प्रकरणों में आरोपियों द्वारा संज्ञेय, कॉग्निजेवल अपराध कारीत किए जाने का खुलासा होने की संतुष्टि होने के बाद ही आरोपियों के विरुद्ध ऋकफ दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने के आदेश पारित किए थे राजा भईया ने बताया कि वह इस कानूनी लड़ाई को लड़ते हुए इन दोनों ही प्रकरणों में माननीय न्यायालय के समक्ष प्रोटेस्ट पिटीशन दायर करेंगे साथ ही उन्होंने कहा कि एक प्रकरण में आरोपी चूंकि पुलिस कर्मि है और दूसरे प्रकरण में आरोपी काफी प्रभाव शाली व बड़े रसूखदार लोग हैं इस लिऐ ही वर्तमान जांच अधिकारी उपरोक्त ने उनसे मिली भगत कर उन्हें बचाने की नीयत से आदलत में ये तथ्य विहिन अधुरी जांच कर मात्र खाना पूर्ति करते हुऐ एफ आर पेश की है इसीलिए जांच अधिकारी के विरुद्ध सतर्कता जांच करा कर उनके विरुद्ध कानूनी एवं विभागीय कार्यवाही करने हेतु शिकायत पत्र उन्होंने रेंज के आई जी और जिले के पुलिस अधीक्षक को भेजें है ताकि आरोपियों को और उन्हें बचाने वाले पुलिस अधिकारी को भी नियम व कानून अनुसार सजा मिल सके।

## शराब तस्कर की तलाश में हरियाणा पुलिस की दबिश

**कांधला।** हरियाणा पुलिस ने शराब तस्कर की तलाश में थाना क्षेत्र के एक गांव में आरोपी के घर पर दबिश मगर आरोपी पुलिस दबिश से पूर्व ही फरार हो गया हरियाणा पुलिस वापस लौट गई। मंगलवार को हरियाणा राज्य के पानीपत जनपद के थाना मतलौढा के एसआई सुरेंद्र कुमार एवं जितेंद्र सिंह हरियाणा पुलिस टीम के साथ थाने पर पहुंचे और अपनी आमद कराई। हरियाणा पुलिस के द्वारा बताया गया कि थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी सोनू पुत्र धीरजपाल कई माह पहले शराब तस्करी करते हुए पकड़ा गया था पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध शराब बरामद कर जेल भेज दिया था न्यायालय से जमानत मिलने के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा है। न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद हरियाणा पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर आरोपी को पकड़ने के लिए आरोपी के घर पर दबिश दी। मगर आरोपी पुलिस डबिश से पूर्व ही भनक लगने पर घर से फरार हो गया। हरियाणा पुलिस ने आरोपी तस्कर के परिजनों को चेतावनी दी है कि अगर आरोपी जल्दी न्यायालय के समक्ष पेश नहीं हुआ तो 82 एवं 83 की कार्रवाई की जाएगी। आरोपी तस्कर नहीं मिलने के बाद हरियाणा पुलिस वापस लौट गई।

## सरकारी अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग ने की समीक्षा बैठक आयोजित




वेलकम इंडिया

**कांधला।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को लेकर स्टाफ नर्स व फार्मासिस्ट की एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को जागरूक कर योजनाओं का प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया गया।

मंगलवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर नर्स व फार्मासिस्ट की एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपरोक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामली के द्वारा ए एन एम, स्टाफ नर्स व फार्मासिस्ट के साथ केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।

उपरोक्त बैठक में चिकित्सा अधिकारी शामली के द्वारा प्रसव केन्द्र पर प्रसव बढाने, घर पर प्रसव कम अथवा शून्य करने, नएं एवं पूर्व से संचालित प्रसव केन्द्र पर प्रसव करने, एच आर पी रेफरल एवं फोलो अप करना, उनका अंकन आर सी एच रजिस्टर में करने, ई कवच पर एन सी डी स्क्रीनिंग, 12 जानलेवा बीमारियों जैसे टीबी, पीलिया, गलघोटू, काली खांसी, खसरा, रूबेला, टेटनेस, निमोनिया, डायरिया आदि का टीकाकरण न करने वाले परिवारों को समझा कर उनका समय से टीकाकरण कराना एवं टीकाकरण सत्र स्थलों पर समस्त आवश्यक साम्रगी उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु समस्त स्टाफ को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य रूप से डा रामबीर चिकित्सा अधीक्षक, आशुतोष श्रीवास्तव, मौ0 तौहिद, पवन जैन, सत सिंह, अंकित कुमार सहित स्टॉफ मौजूद रहा।

## महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत पुलिस ने किया महिला व छात्राओं को जागरूक



वेलकम इंडिया

**कांधला।** उत्तर प्रदेश सरकार की योजना मिशन शक्ति फेस 5 के तहत छात्राओं ओर महिलाओ को नारी रक्षा हमारी सुरक्षा के चलते पुलिस द्वारा जागरूक किया गया। जिसमें महिलाओं ओर छात्राओं की सुरक्षा को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते हुए योजनाओं से अवगत कराया।

इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। मंगलवार को नारी रक्षा हमारी सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस की महिला उप निरीक्षक ललिता, हैड कांस्टेबल सुनीता ने छात्राओं और शिक्षिकाओं महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 की जानकारी दी तथा छात्राओं को बताया कि यदि कोई आपके साथ असम्मान जनक तरीके से व्यवहार करता है। जिसमें घरेलु हिंसा अथवा कोई आपको इन्टरनेट के माध्यम से परेशान करता है और किसी सार्वजानिक स्थल पर या कार्यस्थल पर छेड़खानी या हिंसा करता है तो आप इसकी सूचना महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर दे सकती हैं। इसमें खास बात यह है कि आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी अर्थात शिकायतकर्ता का नाम सार्वजानिक नहीं किया जायेगा। किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं एवं छात्राएं इस नंबर पर कॉल करके मदद मांग सकती हैं। वहीं महिलाओं के लिए चल रही कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया।

## कोलकाता में आयोजित प्रतियोगिता में डॉक्टर विक्रांत जावला ने किया गांव का नाम रोशन

वेलकम इंडिया

**कांधला।** क्षेत्र के गांव हुरमंजपुर निवासी डा विक्रांत जावला के द्वारा कोलकत्ता में आयोजित मैरथन प्रतियोगिता में भाग लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में देश के साथ साथ विदेश के लोगों ने भी भाग लिया।

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में सीएल एजुकेट संस्था की ओर से न्यू टाउन, कोलकाता में झील के किनारे एक मैराथन का आयोजन किया गया था। इसमें पूरे देश के 27 प्रदेशों एवं दुबई से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। क्षेत्र के गांव हुरमंजपुर निवासी रालोद नेता व अलख संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत जावला ने भी इसमें प्रतिभाग किया। डा जावला ने बताया कि उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एक माह पहले ही रजिस्ट्रेशन का कार्य पूर्ण हो गया था। मंगलवार सुबह 08 बजे सी एल एजुकेटेड के चेयरमैन श्री सत्यनारायण आर ने ध्वज दिखा कर इस मैराथन दौड़ का शुभारंभ किया। पांच किलोमीटर की इस मैराथन दौड़ में सैकड़ो प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस मैराथन में



आगरा से आई दीप्ति गुप्ता व गाजियाबाद के जय सिंह सजवान ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। हुरमंजपुर निवासी डा विक्रांत जवाला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दुबई से आई देविका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। करियर लॉन्चर के संस्थापक गौतमपुरी, श्रीनिवासन व सुजीत भट्टाचार्य जी ने सभी को मेडल देकर सम्मानित किया। अपनी जीत का श्रेय अपने क्षेत्र वासियों को देते हुए डॉक्टर विक्रांत जावला ने कहा कि खेल हमेशा से मानव जीवन का अभिन्न अंग रहे हैं। मैंने अपने व्यक्तिगत जीवन में अनुभव किया है कि एक खिलाड़ी के मन में खेल भावना की वजह से मानव जीवन में भाईचारा, सौहार्द, सद्भावना एवं सकारात्मकता में बढ़ोतरी होती है। उन्होंने युवाओं से अपनी शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद पर भी ध्यान देने का आह्वान किया।

## गंदगी फैलाने वाले मीट दुकानदार पर दस हजार रुपये जुर्माना

वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** नगर निगम ने गंदगी फैलाने पर एक मीट दुकानदार पर दस हजार रुपये का जुमार्ना लगाते हुए उसे कड़ी चेतावनी दी। निगम ने सभी मीट दुकानदारों को यह भी चेतावनी दी है कि मीट का व्यापार करने वाले सभी दुकानों की जांच का व्यापक अभियान चलाया जायेगा, जो बिना लाइसेंस मीट व्यापार करते पाया गया उसकी दुकान सील कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

नगर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने प्रवर्तन दल के साथ जोगियान पुल स्थित मीट मार्केट में तीन मीट दुकानों का निरीक्षण किया। एक दुकान पर गंदगी पाये जाने पर मीट दुकानदार पर दस हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया। डॉ. मिश्रा ने बताया कि मीट दुकानों की जांच का व्यापक अभियान चलाया जायेगा।

दुकान पर साफ सफाई न रखने वाले मीट कारोबारियों पर भारी जुमार्ना किया जायेगा तथा लाइसेंस के बिना काम करने वालों की दुकान सील कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## काशीराम कॉलोनी का अधिकारी टीम बनाकर निरीक्षण करें : नगरायुक्त

वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने दिल्ली रोड स्थित काशी राम कॉलोनी की समस्याओं के निदान के लिए जलकल, निर्माण आदि विभागों की एक टीम बनाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं ताकि कॉलोनी की जल निकासी व निर्माण सम्बंधी समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य किया जा सके।

नगरायुक्त ने यह निर्देश आज जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान आयी सात



शिकायतों में से सफाई सम्बंधी दो शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया जबकि बाकि शिकायतों के लिए सम्बद्ध अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। वार्ड संख्या 13 चकहरेटी निवासी हिमांशु यादव ने चकहरेटी में स्कूल के पास साफ सफाई कराने तथा वार्ड संख्या 22 मातागढ़ निवासी दीपक सैनी ने गली नंबर चार की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर नगरायुक्त ने सम्बंधित सफाई निरीक्षकों एवं कर्मचारियों को भेजकर सफाई कराते हुए समस्या का निदान कराया।

इसके अलावा वार्ड संख्या 61 धोबीवाला निवासी वसीम ने एमआरएफ सेंटर के निकट से अतिक्रमण हटाने तथा वार्ड 58 लक्खी गेट निवासी जकी ने गौरी शंकर बाजार में रास्ते में खोका रखकर किये गए अतिक्रमण को हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।

# मध्यप्रदेश में सदन से सड़क तक सक्रिय रहा विपक्ष



वेलकम इंडिया

(उमंग सिंघार-विभूति फीचर्स)

देश का हृदय प्रांत मध्यप्रदेश अपने वैभवशाली इतिहास और सांस्कृतिक परंपराओं के लिए जाना जाता है। इस प्रदेश ने देश और दुनिया में अपनी कला, संगीत, साहित्य, वास्तुकला और दर्शन की अमिट छाप छोड़ी है। इसी मध्यप्रदेश ने मुझे कांग्रेस के एक छोटे से कार्यकर्ता से लेकर विधायक और मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने का दायित्व सौंपा है। हाल ही में नेता प्रतिपक्ष के रूप में कार्य करते हुए एक साल पूरा किया है। वहीं साल 2024 खत्म कर अब हम साल 2025 में भी प्रवेश कर रहे हैं। हम विगत एक वर्ष में प्रदेश की जनता की आवाज उठाने और उन्हें न्याय दिलाने का जो संकल्प लेकर आगे बढ़े हैं, उसमें प्रदेश की जनता का व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। यह हमारा सौभाग्य है कि इस संकल्प में कांग्रेस पार्टी और प्रदेश की जनता के सहयोग ने मुझे और अधिक संबल प्रदान किया है।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि विगत एक वर्ष में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए एवं कांग्रेस पार्टी के समस्त विधायकों के सामूहिक प्रयत्न से हमने प्रदेश के युवा, महिलाओं, दलित, आदिवासी और शोषित-वंचित तबके की समस्याओं और आवाज को सड़क से लेकर सदन तक पुरजोर तरीके से उठाया है। यही नहीं प्रदेश की जनता के कई मुद्दों पर सरकार को कार्य करने पर विवश भी किया है। इसके लिए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से लेकर आम कार्यकर्ता और कांग्रेस पार्टी के सभी विधायकगण एकजुट होकर मजबूती से खड़े रहे हैं।

### केंद्र में युवा, किसान एवं महिलाओं से जुड़े मुद्दे

विगत एक वर्ष में हमने प्रदेश के भविष्य यानी युवा, अन्नदाता यानी किसान और आधी आबादी यानी महिलाओं के मुद्दों को केंद्र में रखा। सभी को ज्ञात है कि मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश के युवाओं से साल में 2 लाख रोजगार देने का वादा किया था। सरकार ने इस वादे से ना सिर्फ मुंह मोड़ा बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और पुलिस जैसे महत्वपूर्ण विभागों में भर्तियां रोककर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। इस वादाखिलाफी के खिलाफ हमने सड़कों पर प्रदर्शन से लेकर विधानसभा के भीतर तक सरकार को उसकी नाकामी याद दिलाकर नींद से जगाने का प्रयत्न किया। वहीं शिक्षा नीति की कई खामियों को भी सरकार के समक्ष रखा। किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद ना मिलने और फसलों पर एमएसपी के मुद्दों पर विधानसभा के घेराव सहित सदन में भी सरकार को किसानों के दुख दर्द से रूबरू कराने का प्रयास किया। इसी तरह प्रदेश भर में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अत्याचार और लचर कानून व्यवस्था पर मौजूदा सरकार की खामियां उजागर करने का भी हमने सफल प्रयत्न किया है। लाड़ली बहना योजना में पैसा बढ़ाने के सरकार के वादे को याद दिलाना हो या फिर उनके हक की आवाज उठाना हो, हम पुरजोर तरीके से उनकी आवाज उठा रहे हैं।

### भ्रष्टाचार और घोटालों में लिप्त सरकार की विफलता

मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार की बाढ़ आई हुई है। बड़े-बड़े घोटाले सामने आ रहे हैं। वहीं बीजेपी नेताओं और अफसरों के गठजोड़ ने मध्यप्रदेश को नीलामी के रास्ते पर खड़ा कर दिया है। आयकर विभाग और लोकायुक्त की कार्यवाहियां इसकी पुष्टि कर रही हैं। नल जल योजना में घोटाला हो, सिंचाई परियोजनाओं में फजीर्वाड़ा हो या फिर चेक नाकों पर अवैध वसूली, मंत्री से लेकर अफसर और सिपाही तक भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। वहीं सरकार विभिन्न आयोजनों में फिजूलखर्ची कर, विदेशी दौरों और विज्ञापनों के जरिये इन्हें ढकने का प्रयत्न कर रही है। सरकार की इन कारगुजारियों को जनता के समक्ष लाने और उजागर करने का प्रयास हम पूरी ताकत से कर रहे हैं।

### सरकारी नीतियां और उनमें पिसता पिछड़ा समाज

मध्यप्रदेश सरकार की नीतियां आदिवासी, दलित और पिछड़े समुदाय को हाशिए पर धकेल रही हैं। विकास के नाम पर उनकी जमीनें छीनकर उद्योगपतियों को दी जा रही हैं, साथ ही उसी पर आधारित उनकी आजीविका को भी नष्ट किया जा रहा है। इसके लिए दिसंबर महीने में हमने सिंगरौली का दौरा कर कोल ब्लॉक के कारण विस्थापितों की समस्याओं और दुख दर्द को करीब से जाना। इन विस्थापितों को उचित मुआवजा और रोजगार देने के लिए ना सिर्फ सदन में आवाज उठाई बल्कि लंबी लड़ाई लड़ने की कार्ययोजना भी बनाई जा रही है। वहीं आदिवासियों और पिछड़ों के बच्चों की छात्रवृत्ति की राशि ना मिलने और उन्हें शिक्षा के अधिकार से वंचित करने की नीतियों सहित उनके हो रहे अधिकारों के हनन को लेकर भी हम लगातार आवाज उठा रहे हैं। प्रदेश की जनता की भलाई और उनकी समस्याओं को उठाने का हमारा संकल्प नए वर्ष में भी जारी रहेगा। (विभूति फीचर्स)(लेखक मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं।)

# बफीर्ली हवाओं के सर्द मौसम में अपने बुजुर्गों व बच्चों की करें हिफाजत: एमआरएस शबनम जहॉ

**फैयाज अहमद वेलकम इंडिया**

**हरिद्वार।** प्रदेश में सर्दी चरम सीमा पार करती जा रही है लगातार डिग्री तापमान नीचे की ओर है। जहां उत्तराखंड की पहाड़ी वादियां बर्फबारी पढ़ने से चादर का सफेद रूप ले रही है। तो वही मैदानी क्षेत्र भी सर्दी के प्रकोप से बचा नहीं है। नीचले इलाके में भी जनमानस सर्दी की मार झलने को मजबूर है। और अगर जनपद हरिद्वार की बात की जाए तो हल्की बारिश व बर्फिली तेज हवाओं के बाद निकली एक दिन की गुनगुनी धूप से मौसम में कुछ सुधार दर्ज हुआ था, लेकिन मौसम ने फिर करवट बदल ली और लगातार घने कोहरे, बादल व सर्द हवाओं के झोंकों ने भीषण ठंड उत्पन्न कर सर्दी के तेवर ने आमजनों की दिक्कतें बढ़ा दी हैं। आमजन अपने घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं। बाजार सुनसान नजर आ रहे हैं सड़कों और चौराहों पर आमजन आग जलाकर भीषण ठंड से अपना बचाव करने में लगे हैं वही देहात क्षेत्रों में भी कोहरे का जबरदस्त कहर देखने को मिल रहा है, चारों ओर सफेद चादर जैसी परत देखी गई, कोहरे और सर्द हवाओं से ग्रामीण कांपते हुए नजर आए है। वही मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की हरिद्वार विभाग संयोजिका व राष्ट्रवादी पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा शबनम जहॉ ने छोटे-छोटे बच्चों को सर्दी से बचाने की माता-पिताओं से अपील की है। उन्होंने कहा है कि बारिश होने के कारण अचानक सर्दी बढ़ गई है और चारों ओर घना कोहरा भी छाया हुआ है धूप भी कोहरे के कारण नहीं निकल पा रही है। जिससे बुजुर्ग और बच्चे सर्द ठंड की मार झेलने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि अपने बुजुर्गों व अपने बच्चों को गर्म कपड़े पहनाए, पीने के लिए गर्म पानी दे और बाहर घूमाने से बचें।

उन्होंने कहा कि जुखाम, बुखार और खांसी होने का खतरा भी इस मौसम में ज्यादा बना रहता है। ऐसा देखने पर लापरवाही ना बरतें और तत्काल ही किसी डॉक्टर को दिखाएं। साथ ही तापने के लिए अग्नि का प्रयोग करें, खाने पीने में सावधानी बरते और लगातार गर्म पानी का ही इस्तेमाल करें। जिससे आप व आपके बुजुर्ग और आपके बच्चों का स्वास्थ्य सही रहे। ताकि ठंड की मार से बचाव हो सके।

# नगर पालिका नगला कांग्रेस अध्यक्ष पद प्रत्याशी का पर्चा निरस्त, नामांकन आयु की अर्हता पूर्ण न करना बना कारण

**फैयाज अहमद वेलकम इंडिया**



**उधमसिंह नगर।** निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश भर में सरगर्मियां जारी हैं। वहीं अध्यक्ष पद के कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा खारिज होने के बाद अब पार्टी ने निर्दलीय प्रत्याशी को अपना समर्थन दे दिया है।

उधमसिंह नगर जिले की नगर पालिका परिषद नगला सीट की जहां अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस पार्टी ने हरिओम चौहान को अपना उम्मीदवार बनाया था, लेकिन 30 वर्ष की उम्र पूरी ना होने की वजह से उनका पर्चा रिटर्निंग ऑफिसर ने खारिज कर दिया है।

यहां बता दें कि नगर पंचायत और नगर पालिका में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार की उम्र 30 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी हरिओम चौहान की उम्र 30 वर्ष से कम निकली। ऐसे में उनका पर्चा खारिज किया गया है। जिसके बाद कांग्रेस पार्टी ने अब निर्दलीय प्रत्याशी राकेश यादव को अपना समर्थन दे दिया है ऐसे में नगला सीट पर रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

वहीं नगर पालिका नगला से अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी ने सचिन शुक्ला को अपना प्रत्याशी बनाया है।

# जन्मदिन पर घर बुलाकर प्रेमी ने जबरन किया दुष्कर्म, अश्लील वीडियो भी बनाई

**फैयाज अहमद वेलकम इंडिया**

**हरिद्वार।** एक प्रेमी ने अपने जन्मदिन पर अपनी प्रेमिका को घर बुलाया। घर आने पर माता-पिता के साथ उसकी भेंट भी करवायी। उसके बाद आरोपित प्रेमी ने प्रेमिका के साथ जबरन दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो भी बनायी। पीड़ित युवती की तहरीर पर कलियर थाना पुलिस ने लक्सर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के खिलाफ दुष्कर्म और पोक्सो में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कलियर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ऋषिकेश में डीडीयूजे केवाई भारत सरकार की ओर से संचालित योजना के तहत 2019 में होटल मेंनेजमेंट का कोर्स कर रही थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात साथ में कोर्स कर रहे युवक से हुई। मुलाकात के बाद उनकी फोन पर बात होने लगी, और दोस्त बन गए।

युवक ने उसे विश्वास में ले लिया और 3 सितंबर 2019 को अपने जन्मदिन के बहाने युवक उसे अपने गांव बसेड़ी लक्सर ले गया। वहां आरोपी युवक ने अपने माता-पिता से भी मिलवाया और जन्मदिन मनाकर खाना खाकर उसे अलग कमरे में सुला दिया।

पीड़ित युवती का आरोप है कि रात में युवक ने आधी रात में आकर कमरे में उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और उसका विडियो भी बना लिया। पीड़िता ने युवक के माता-पिता को घटना के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद उसके माता-पिता ने बदनामी का हवाला देते हुए किसी को न बताने के लिए कहा।

माता-पिता के शादी के आश्वासन के बाद वह ऋषिकेश चले गए। उसके बाद भी युवक शादी का झांसा देकर और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। आरोप है कि 20 नवम्बर 2024 को वह अपने घर आई गई। उसके माता-पिता घर पर नहीं थे। आरोपी युवक ने उसे घर में आकर पकड़ लिया और उसे उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देने लगा। उसके साथ मारपीट कर उसके साथ फिर से दुष्कर्म किया। पीड़ित युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थानाध्यक्ष दिलबर सिंह नेगी ने बताया कि तहरीर पर सन्नी निवासी लक्सर के खिलाफ दुष्कर्म और पोक्सो में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# अमेरिकन शिगवे सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर से गश्त कर रही नैनीताल पुलिस, पर्यटक ले रहे सेल्फी

**फैयाज अहमद वेलकम इंडिया**



**नैनीताल।** नैनीताल का खूबसूरत शहर पर्यटकों से भर गया है। देश-विदेश से आकर सैलानी नैनीताल की सर्दी, शांति और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं। सरोवर नगरी में इस समय पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।

इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। सरोवर नगरी नैनीताल के प्रमुख बाजार, नैनी झील और मॉल रोड पर अतिरिक्त पुलिस बल सुरक्षा हेतु तैनात किये गए हैं। इसके साथ ही यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए भी पुलिस द्वारा निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए पुलिसकर्मी अमेरिकन शिगवे सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर पर गश्त कर रहे हैं, जिससे उनकी तैनाती और गश्त तेज और प्रभावी तरीके से हो रही है। वहीं यह पर्यटकों के बीच भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है तथा बच्चे-बड़े सभी मुस्कुराते एवं निर्भय होकर सेल्फी लेकर आनंद ले रहे हैं। शिगवे स्कूटर के माध्यम से पुलिसकर्मी सड़कों पर बिना रुकावट के अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं, जिससे पूरी सरोवर नगरी में सुरक्षा का एहसास और बढ़ गया है।

नैनीताल पुलिस की ओर से सभी पर्यटकों से अपील है कि वे नियमों का पालन करें और अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और आपातकालीन स्थिति में पुलिस से संपर्क करें।

# नशे में धुत चोर मकान में चोरी करने घुसे एक वहीं सो गया, दूसरा माल लेकर फरार

**फैयाज अहमद वेलकम इंडिया**

**हरिद्वार।** एक बंद पड़े मकान में दो चोर शराब पीकर चोरी करने घुसे। नशा अधिक होने के कारण एक चोर वहीं पर लुढ़क गया। जबकि उसका दूसरा साथी चोरी कर लाखों की ज्वेलरी और कैश लेकर फरार हो गया। जब मकान मालिक घर पहुंचे तो मकान में पड़े एक चोर को नशे की हालत में पकड़ लिया। इसके बाद चोर को पुलिस के हवाले कर दिया।

जानकारी के मुताबिक रुड़की सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के जादूगर रोड पर मयंक गोयल का मकान है। मयंक गोयल बीती 28 दिसंबर की सुबह अपने परिवार के साथ उत्तर प्रदेश के चंदौसी कस्बे में किसी रिश्तेदार के यहां गए थे। सोमवार देर रात जब वह वापस अपने घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि उनके घर का सामान बिखरा हुआ है। जब उन्होंने कमरे के अंदर जाकर देखा तो उन्हें एक चोर नशे की हालत में पड़ा मिला। चोर के पास से उन्हें दस हजार की नकदी और सोने की चेन मिली। पूछताछ करने पर चोर ने उन्हें बताया कि उसका साथी बाकी जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गया है। उसने बताया गया है कि वह खिड़की में लगी लोहे की ग्रिल तोड़कर अंदर दाखिल हुए थे।

इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित ने इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। चोर करीब पांच तोला ज्वेलरी और डेढ़ लाख रुपये की रकम चोरी कर ले गया।

एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि एक चोर को हिरासत में ले लिया गया है। दूसरे चोर की तलाश जारी है।

# प्रॉपर्टी डीलर ने लिया 20.30 लाख रुपये, लौटाने के नाम पर महिला व उनके भाई से मारपीट

**हापुड़।** जिला के कोटला सादात में मकान बेचने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। थाना देहात पुलिस ने कोटला सादात मदरसे के पीछे स्थित तैय्यब मलिक, सुहैल मलिक व हमीदन मलिक के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता जुनैद मालिक निवासी खाई बाजार ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उनसे मकान बेचने के बहाने करीब साढ़े 20 लाख रुपए ठग लिए।जैसे ही पैसे मांगने पहुँचे तो तीनों आरोपियों ने मुझे और मेरी बहन को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। हालांकि पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराकर धोखाधड़ी, हत्या की कोशिश व मारपीट जैसी गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर करवाई का आश्वासन दिया है।

# ब्लूमिंग बड पब्लिक स्कूल में सत्र 2024-25 बाल मेले का हुआ आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**कुमारगंज।** जनपद अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत कुमारगंज के अकमा मे स्थित ब्लूमिंग बड पब्लिक स्कूल में हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी बच्चों के लिए स्कूल प्रबंधन की ओर से मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ अपने अभिभावकों के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया, और मेले में विभिन्न प्रकार के स्टालों में लगे व्यंजनों का आनंद लिया। जिसमें तरह-तरह के खेल के भी स्टाल लगे थे, जिसको खेल कर बच्चों ने आनंद लिया। मेले में बच्चों ने स्कूल ड्रेस को छोड़कर रंग-बिरंगे पोशाक में नजर आए। वहीं विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्रियों के मूल्य निर्धारित किए गए थे। और सभी उत्पादों को बच्चे टोकन मनी के द्वारा खरीद कर उनका आनंद ले रहे थे। सभी स्टालों पर स्कूल के ही टीचरों और स्टाफ को नियुक्त किया गया था।

वही स्कूल की प्रबंधक रेखा मैम ने बताया हर साल की भांति इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। इस तरह के आयोजनों से बच्चों में शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है, बच्चे अपने आसपास के वातावरण से ही बहुत कुछ सीखते हैं।

# अलीगढ़ में ग्रामीण पत्रकार यूनियन का सदस्य अभियान हुआ प्रारम्भ

**वेलकम इंडिया**



**अलीगढ़।** ग्रामीण पत्रकार यूनियन अलीगढ़ जनपद के जिला अध्यक्ष सुखबीर शर्मा ने वर्ष 2025 के लिए संगठन की सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। जिला अध्यक्ष ने अलीगढ़ जनपद की पांचो तहसीलों में तहसील अध्यक्षों के साथ-साथ तहसील में सदस्यता अभियान के प्रभारी को भी नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि अलीगढ़ जनपद में ग्रामीण पत्रकार यूनियन सबसे अधिक पत्रकारों के संख्या वाला संगठन है ?। जिला अध्यक्ष सुखबीर शर्मा ने बताया कि अतरौली तहसील के अध्यक्ष केपी राजपूत के साथ-साथ सदस्य अभियान का प्रभारी जिला महासचिव गौरी शंकर शर्मा को बनाया गया है।

वही कोल तहसील के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार के साथ सदस्यता अभियान का प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अनार सिंह यादव को बनाया गया है। वही तहसील गभाना के अध्यक्ष राम गोपाल शर्मा के साथ जिला उपाध्यक्ष पियूष जादौन को सदस्यता अभियान का प्रभारी बनाया गया है।

वहीं तहसील इगलास के अध्यक्ष बहादुर सिंह के साथ जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह को सदस्यता अभियान का प्रभारी बनाया गया है। वहीं खैर तहसील के अध्यक्ष उमेश कुमार बर्मन के साथ जिला महासचिव गोविंद पचौरी को सदस्यता अभियान का प्रभारी बनाया गया है। सुखवीर शर्मा ने 31 दिसंबर 2024 को सदस्यता अभियान की शुरूआत कर दी गई थी। उन्होंने वर्ष 2025 के लिए संगठन के पुराने साथियों का रिनुअल फॉर्म भराने की अपील की है। वहीं नए सदस्यों से भी जुड़ने की अपील की है।

जिला अध्यक्ष सुखबीर शर्मा ने बताया कि 10 जनवरी तक ग्रामीण पत्रकार यूनियन के संगठन के जिला इकाई की बैठक जिला स्तर पर संपन्न होगी। जिसमें तहसील कार्यकारिणी अपने सभी सदस्यों के साथ जिले की सामान्य बैठक में प्रतिभाग करेगी। जिसमें पत्रकार हित के सभी मामलों के साथ पत्रकार उत्पीड़न से संबंधित मामलों पर गहनता के विचार मंथन होगा साथ ही संगठन को गतिशील करने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा होगी।

# डॉ.महेंद्र सिंह विष्णु बने(सीएमओ आयुर्वेद)/ क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी अयोध्या



**अयोध्या।** डॉ महेंद्र सिंह विष्णु को अयोध्या जनपद का क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी (सीएमओ आयुर्वेद) बनाया गया, डॉक्टर महेंद्र विष्णु 2009 बैच के मेडिकल अफसर हैं जो तब से लगातार सेवा दे रहे हैं, जुलाई 2023 में भी इस पद पर थे, चार माह पूर्व गोण्डा से स्थानांतरित होकर अयोध्या आए डॉक्टर पी के शुक्ला को यह पद मिला था, अब वह आज सेवानिवृत्त हो गए तो डॉक्टर महेंद्र सिंह विष्णु को वरिष्ठता के आधार पर यह प्रभार सौंपा गया ।

# पूर्व कुलपति प्रो. आर.पी सिंह के निधन पर शोक की लहर

**वेलकम इंडिया**



**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक प्रसार व महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, उदयपुर के पूर्व कुलपति प्रो. राम प्रताप सिंह का मंगलवार की सुबह-सुबह एक बजकर 30 मिनट पर निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वे लगभग 85 वर्ष के थे। उन्होंने अपने विनय खंड, लखनऊ स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। प्रो. सिंह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका दाह संस्कार गोमती नदी स्थित बैकुंठ धाम पर किया गया। शोध, शिक्षा एवं प्रसार में अहम योगदान के साथ-साथ प्रो सिंह एक कुशल प्रशासक भी थे। प्रसार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए इनको लाल बहादुर शास्त्री अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कृषि विश्वविद्यालय में शोक सभा आयोजित की गई। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह सहित अन्य शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कुंभ जाना है तो करें कॉल, मौके पर पहुंचेगी यूपी रोडवेज

**बुलंदशहर।** सिकंदराबाद क्षेत्र में यदि आपको परिवार, गांव, मोहल्ले के लोगों के साथ कुंभ में स्नान करने के लिए जाना है और यात्रियों की संख्या 40 से अधिक है तो आपकी एक कॉल पर बस आपको लेने के लिए मौके पर पहुंचेगी। कुंभ जाने वाले यात्रियों के सुविधाजनक सफर के लिए डिपो ने यात्रियों को उनके गांव व मोहल्ले से ही लेने के लिए कार्य योजना तैयार की है। एआरएम०दिनेश सिंह ने बताया कि कुंभ में डिपो से करीब 45 बसों के लगाने की योजना है। इसके चलते कुंभ जाने वाले क्षेत्र के लोगों को डिपो से सीधे बस सेवा मिलेगी। वहीं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यात्रियों को सीधे गांव व उनके मोहल्ले से लेने की भी योजना बनाई गई है। यदि सिकंदराबाद क्षेत्र के किसी गांव व मोहल्ले से कुंभ जाने वाले यात्रियों की संख्या 40 से अधिक है तो बस यात्रियों की एक कॉल पर सीधे उनके गांव, मोहल्ले में पहुंचेगी और यात्रियों को उनके गांव, मोहल्ले से लेकर सीधे कुंभ के लिए रवाना होगी।

# कैसा होगा आपका आने वाला साल? जानिए नववर्ष 2025 का वार्षिक राशिफल: डॉ. सोनिका जैन

**मोदीनगर।** ज्योतिष ज्ञानपीठ की चेयरपर्सन डॉ सोनिका जैन ने कहा कि नया साल 2025 हम सभी के लिए नई उम्मीदों और अवसरों का संदेश लेकर आ रहा है। हर व्यक्ति के जीवन में विभिन्न उतार-चढ़ाव होते हैं, लेकिन ज्योतिष के माध्यम से हम इन बदलावों के प्रति सतर्क रह सकते हैं और अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। वर्षफल 2025 के माध्यम से हम जानेंगे कि आने वाला वर्ष प्रत्येक राशि के लिए किस प्रकार का रहेगा।

**1. मेष राशि :** मेष राशि के जातकों के लिए यह वर्ष बहुत ही उत्साहपूर्ण रहेगा। करियर में उन्नति के कई मौके मिल सकते हैं, खासकर मध्य वर्ष में। आपको अपने काम में मेहनत और ईमानदारी का फल मिलेगा। प्रेम संबंधों में भी सुखद बदलाव होंगे। स्वास्थ्य में मामूली समस्याएं आ सकती हैं, लेकिन समय रहते उपाय करेंगे तो आप इन्हें जल्दी ठीक कर सकते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से यह वर्ष काफी अच्छा रहेगा।

**2. वृष राशि :** वृष राशि के जातकों के लिए यह वर्ष मिश्रित फल देने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको नए अवसर मिल सकते हैं, लेकिन साथ ही पुराने विवादों का समाधान निकालना पड़ेगा। परिवार में सामंजस्य बनाए रखना आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान देना आवश्यक होगा। आर्थिक स्थिति में थोड़ी उतार-चढ़ाव हो सकती है, लेकिन संतुलन बनाए रखें तो किसी बड़े नुकसान से बच सकते हैं।

**3. मिथुन राशि:** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह वर्ष कुछ नई योजनाओं और सोच को लागू करने का है। व्यापार में कुछ बड़े बदलाव आ सकते हैं। इस वर्ष आपकी मानसिक स्थिति मजबूत रहेगी, जिससे आप हर चुनौती का सामना कर सकेंगे। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी और पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। स्वास्थ्य के मामलों में थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता होगी।

**4. कर्क राशि :** कर्क राशि के लिए यह वर्ष चुनौतियों से भरा हुआ हो सकता है, लेकिन आपकी मेहनत और धैर्य से आप इनसे निपटने में सफल होंगे। करियर में कठिनाइयां आएंगी, लेकिन इसके बावजूद आपके आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं आएगी। पारिवारिक जीवन में सामंजस्य बनाए रखना आवश्यक रहेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से यह वर्ष थोड़ा सतर्क रहने का है। वित्तीय स्थिति में सुधार होगा।

**5. सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह वर्ष समृद्धि और सम्मान लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति और नए अवसर मिलने के योग हैं। प्रेम और दाम्पत्य जीवन में खुशियाँ रहेंगी। आर्थिक मामलों में भी अच्छा लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य के मामले में यह वर्ष संतुलित रहेगा, लेकिन अधिक कार्य का दबाव पड़ सकता है, जिससे मानसिक थकावट हो सकती है।



डॉ सोनिका जैन
चेयरपर्सन - ज्योतिष ज्ञानपीठ

**6. कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह वर्ष अपार सफलता और आनंद लेकर आएगा। आपके कार्यों में सफलता मिलेगी, खासकर यदि आपने पहले से कोई परियोजना शुरू की है, तो उसका अच्छा परिणाम देखने को मिलेगा। परिवार में खुशियों का वातावरण रहेगा। स्वास्थ्य के मामले में कोई बड़ी समस्या नहीं आएगी, लेकिन छोटी-मोटी परेशानी हो सकती है। आर्थिक मामलों में सुधार होगा और पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है।

**7. तुला राशि :** तुला राशि के जातकों के लिए यह वर्ष संघर्षों और संघर्षों से भरा हुआ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में प्रतिकूल परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं, लेकिन अगर आप सही दिशा में मेहनत करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। प्रेम संबंधों में कुछ असहमति हो सकती है, लेकिन आप अपने धैर्य से इसे सुलझा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, खासकर मानसिक स्वास्थ्य पर।

**8. वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह वर्ष बहुत ही अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने के योग हैं और करियर में भी बेहतरीन अवसर आएंगे। आपका आत्मविश्वास ऊंचा रहेगा और इस वर्ष आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा और प्रेम संबंधों में भी नयापन आएगा। स्वास्थ्य के मामलों में भी इस वर्ष कोई बड़ी परेशानी नहीं होगी।

**9. धनु राशि :** धनु राशि के जातकों के लिए यह वर्ष सावधानी और समझदारी से आगे बढ़ने का है। करियर में कुछ कठिनाईयां आ सकती हैं, लेकिन जो मेहनत करेंगे उन्हें अच्छा फल मिलेगा। परिवार में सामंजस्य बनाए रखना महत्वपूर्ण रहेगा। प्रेम संबंधों में मधुरता रहेगी। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव हो सकता है, इसलिए खर्च पर नियंत्रण रखें।

**10. मकर राशि :** मकर राशि के जातकों के लिए यह वर्ष भाग्य का साथ देने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने के साथ-साथ आपको नए अवसर भी मिल सकते हैं। परिवार में सुख-शांति का माहौल रहेगा और आप अपने प्रियजनों के साथ समय बिता सकेंगे। प्रेम जीवन में भी सौहार्दपूर्ण स्थिति रहेगी। स्वास्थ्य में कोई बड़ी समस्या नहीं होगी, लेकिन नियमित रूप से व्यायाम और आहार पर ध्यान दें।

**11. कुम्भ राशि:** कुम्भ राशि के जातकों के लिए यह वर्ष निर्णय लेने में साहस और धैर्य का समय रहेगा। आपके पेशेवर जीवन में कई बदलाव हो सकते हैं, लेकिन आप नए अवसरों का पूरा फायदा उठाने में सक्षम होंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा और प्रेम संबंधों में संतुलन बनाए रखना होगा। स्वास्थ्य के मामले में भी यह वर्ष सामान्य रहेगा।

**12. मीन राशि :** मीन राशि के जातकों के लिए यह वर्ष उत्तम रहेगा। आप अपने कार्यों में सफलता हासिल करेंगे और नए अवसरों का स्वागत करेंगे। परिवार और प्रेम जीवन में खुशी और संतुलन रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से भी यह वर्ष बहुत ही लाभकारी साबित हो सकता है। स्वास्थ्य के मामले में ध्यान देने की आवश्यकता नहीं होगी, बस संतुलित आहार और दिनचर्या बनाए रखें।

**विशेष:** वर्ष 2025 सभी राशियों के लिए बदलाव और विकास का समय रहेगा। प्रत्येक राशि को अपनी मेहनत, धैर्य और समझदारी से कार्य करने की आवश्यकता है ताकि वे आने वाले वर्ष में अपनी सबसे बेहतरीन स्थिति में पहुंच सकें। ध्यान रखें, ज्योतिष एक मार्गदर्शक है, लेकिन जीवन में सफलता की कुंजी हमारी मेहनत और नीयत में निहित है।

# अमृत सेवा ट्रस्ट के द्वारा पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए हुई चर्चा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** अमृत सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में एक लघु बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए चर्चा हुई। बैठक का शुआरम्भ श्रीमती दर्शना शर्मा के द्वारा भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित करके हुआ। गरिमामयी उपस्थिति श्रीमती दर्शना शर्मा, राजेन्द्र गोयल जी,गुड्डी चौधरी,बीना गुप्ता, मंजु कश्यप विनोद चौधरी,शीला गुप्ता तथा डाक्टर अनिला सिंह आर्य आदि की रही। वर्तमान समय में प्रदूषण मुक्त वातावरण के लिये जागरूकता अति आवश्यक है ।क्योंकि प्रकृति मानव की सहचरी है ।हमारे आसपास जैसा वातावरण अर्थात हवा पानी होगा वैसा ही स्वास्थ्य होगा। स्वच्छता व स्वास्थ्य मित्र हैं। प्रदूषित हवा संक्रामक रोगों की जननी है ।दूषित जल भी अनेक बीमारियों का जनक है। हम सबको चाहिए कि हम वृक्षारोपण करें तथा पालन भी करे,इधर-उधर गंदगी के साम्राज्य को स्थापित न होने दें,जल स्तर बढ़े इसके लिये बरसात के पानी को व्यर्थ न बहने दें, जल के शुद्धिकरण के लिये हैण्ड पम्प तथा कुओं के पास गंदा पानी एकत्रित न होने दें। समय-समय पर हवन आदि करें हम यदि हवन की विधि नहीं आती तो भी गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ पांच आहुति दें इससे पर्यावरण शुद्ध होता है ।हमें मालूम होना चाहिए कि एक चम्मच शुद्ध देसी घी से एक टन ऑक्सीजन की उत्पत्ति होती है ।महिलाओं की भूमिका पर्यावरण संरक्षण में अहम् होती है क्योंकि प्रातः से लेकर सांयकाल तक की गतिविधियों के द्वारा सृष्टि का संचालन करतीं हैं। प्रातः सर्व प्रथम स्वच्छता करती है, नहा कर तुलसी जी को सींचती हैं सूर्य को जल देते हुए, सबके लिये भोजन की चिन्ता के साथ सभी सदस्यों की आवश्यकता को संज्ञान में लेते हुए कर्तव्य निर्वहन करती है। अतः सम्पूर्ण समाज की धूरि महिला है ।हमें सूर्य प्रकाश भरपूर कैसे प्राप्त हो इस पर गहन चिन्तन की आवश्यकता है।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल आयोजित कंपटीशन मे कावेरी हाउस बना ओवर ऑल चैंपियन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित सीनियर स्कूल एथलेटिक्स मिट इंटर हाउस स्कूल कंपटीशन मे कावेरी हाउस ओवर ऑल चैंपियन बना। मंगलवार को आयोजित एथलेटिक्स इंटर हाउस कंपटीशन जिसमें स्कूल हाउस कुछ इस प्रकार हैं। (गंगा, यमुना कृष्ण, कावेरी) स्कूल हाउस अंडर 14 व अंडर 17 बालक व बालिका वर्ग के 300 खिलाड़ियों ने 100 मी, 200 मी, 400मी, 800मी, 1500मी शॉट पुट, लॉन्ग जंप, डिस्कस थ्रो,व जैवलिन थ्रो जैसे खेलों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाते हुए तकरीबन (108) मेडल जीते ।विजेता खिलाड़ियों को स्कूल प्रधानाचार्य (श्रीमती डॉ सरिता सिंधु) द्वारा मेडल पहनकर सम्मानित किया गया व सभी खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित कर उन्हें खेलो मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए भी प्रेरित किया व खिलाड़ियों ,विद्यार्थियों अध्यापकों को नव वर्ष कि हार्दिक बधाई दी और आने वाले नए वर्ष के लिए शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मोदी शुगर मिल्स ने पेराई सत्र 2023-24 के समस्त गन्ना मूल्य का किया भुगतान

वेलकम इंडिया

- गन्ना मूल्य भुगतान 30 दिसम्बर तक करने का आश्वासन दिया गया था।

**मोदीनगर।** मोदी शुगर मिल्स ने गन्ना पेराई सत्र 2023-24 के गन्ना मूल्य के पेमेन्ट शेडयूल गन्ना आयुक्त, प्रमुख सचिव व जिलाधिकारी को दिया गया था। जिसमें गन्ना मूल्य भुगतान 30 दिसम्बर तक करने का आश्वासन दिया गया था। अतः चीनी मिल, मोदीनगर द्वारा पेमेन्ट शेडयूल के अनुसार वर्ष 2023-24 का समस्त भुगतान अंकन रुपए 316.47 करोड गत 30 दिसम्बर को कर दिया गया है। डी०डी० कौशिक जनरल मैनेजर (पी०आर०) के मुताबिक पूर्व वर्ष के भुगतान से 2-3 माह पूर्व इस सत्र का भुगतान किये जाने पर किसानों में काफी हर्ष की लहर है। शीघ्र ही वर्ष 2024-25 के गन्ना मूल्य का भुगतान प्रारम्भ किया जायेगा।

# राजस्व एवं सिविल बार एसोसिएशन मोदीनगर ने नववर्ष के आगमन पर किया कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** राजस्व एवं सिविल बार एसोसिएशन मोदीनगर द्वारा नववर्ष के आगमन पर आयोजित कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के सभी पदाधिकारियो एवं सदस्यों ने बीते वर्ष को अलविदा एवं नववर्ष आगमन स्वागत करते हुए संकल्प लिया कि अपनी एक बुराई को छोड एक अच्छाई को अपनायेगे। संस्था के अध्यक्ष सुधीर वशिष्ठ ने अपने सभी अधिवक्ताओं से कहा कि वे सुलभ एवं सस्ता न्याय करवाने मे लोगों की मदद करें, तभी सही मायने में नव वर्ष सार्थक होगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियो एवं सदस्यों को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी ।संस्था के सचिव संजय मुदगल, उपाध्यक्ष अरुण दहिया, संरक्षक रामकुमार कलकल ने गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, एडवोकेट वरिष्ठ अधिवक्ता शील कुमार शर्मा एडवोकेट, विजय वशिष्ठ , सुभाष वशिष्ठ, गोविन्द शर्मा अन्य अधिवक्ताओं एवं गणमान्य लोगों को फूल एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में अध्यक्ष सुधीर वशिष्ठ, सचिव संजय मुदगल, संरक्षक रामकुमार कलकल, महेश यादव, उपाध्यक्ष अरुण दहिया, विजय वशिष्ठ, राखी त्यागी, रेखा गिरि, मृदु बिन्दल, प्रेमलता मिश्रा, जयसिह, अरुण शर्मा, विक्रम वर्मा आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।इसके अलावा सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों में दीपक त्यागी, दीपक वशिष्ठ, अविनाश शर्मा, डॉ विनय त्यागी, अमित शर्मा, ललित शर्मा, विजय गुप्ता ,दीपक शर्मा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## बच्ची का अपहणकर्ता गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** अपने ताऊ के घर आई 14 वर्ष की बच्ची को थाना क्षेत्र क्रासिंग रिपब्लिक से लापता होने की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी 5 दिसंबर को उसे उसके ताऊ के घर से बहला फुसला कर पटना लेकर चला गया था। इस बीच आरोपी ने पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाने की बात भी कबूली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए, उस पर पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही शुरू कर दी है। एसएचओ थाना क्रासिंग रिपब्लिक ने बताया कि 7 दिसंबर को पीड़िता के भाई ने थाने में उसके चाचा की लड़की के घर से गायब हो जाने की शिकायत लिखाई थी। इसके बाद पीड़िता की तलाश के लिए पुलिस टीम का गठन कर दिया गया था। इसी क्रम में पुलिस टीम ने पीड़िता को बरामद करते हुए, उसका मेडिकल परीक्षण भी कराया था। इस पूरे मामले में अजित कुमार निवासी फतुहा जिला पटना बिहार का नाम प्रकाश में आया था, जिसे पुलिस ने 31 दिसंबर को तिगरी गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी पीड़िता के साथ 2 वर्ष से बातचीत होती थी। वह दो महीने पहले अपने ताऊ के लड़के के साथ उनके घर गाजियाबाद आ गई थी। वह उससे मिलने करने के लिए 5 दिसंबर को पटना से गाजियाबाद आया था। इस मुलाकात के दौरान ही उसने पीड़िता को बहला फुसला कर अपने झांसे में लेकर पटना चलने के लिए मना लिया। वह उसी दिन पीड़िता को लेकर पटना निकल गया।

## राहगीरों से मोबाइल फोन स्नैचिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। सड़कों पर पैदल चलते राहगीरों से मोबाइल फोन स्नैचिंग करने वाले एक आरोपी को थाना लोनी पुलिस टीम ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राहगीरों से फोन छीन कर किसी भी अनजान व्यक्ति को कम दामों में बेच दिया करता था। एसएचओ थाना लोनी ने बताया रविवार को एक वादी ने थाने में अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन छीने जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले को लेकर थाना लोनी एसएचओ ने पुलिस टीम का गठन कर दिया था। इसी क्रम में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान चलाते हुए स्नेचिंग करने वाले आरोपी आदिल निवासी डाबर ताला अंकुर विहार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने रविवार को व्यक्ति के मोबाइल छीनने वाली बात को कबूल लिया।

# श्री हंस इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रर्दशनी का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 9 एवं कक्षा 10 के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को प्रधानाचार्य ने प्रतीक चिन्ह देकर एवं मैडल पहनकर सम्मानित किया । प्रधानाचार्य जी ने सभी बच्चों को मोटिवेट किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार, रविंद्र कुमार, श्रीमती हेमलता शर्मा, रितिका एवं समस्त विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जिला दिव्यांगता समिति की बैठकः शादी विवाह योजना का ग्रामीण क्षेत्र में कराए प्रचार-प्रसार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला दिव्यांगता समिति की बैठक का आयोजन किया। उक्त बैठक में जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने संचालित समस्त योजनाओं यथा-दिव्यांग पेंशन, फैमिली आई.डी.कार्ड, कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना, दुकान निमार्ण / संचालन योजना, शादी प्रोत्साहन पुरस्कार योजना की समीक्षा की। इसमें जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को निर्देश दिये कि शादी विवाह योजना का ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम प्रधान एवं शहरी क्षेत्र में सभासदों के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने के लिए सूचना विभाग के माध्यम से समय-समय पर प्रेस विज्ञप्ति जारी करायी जाये। उन्होंने कहा कि जनपद के ऐसे दिव्यांगजन जिनका विवाह अप्रैल 2023 के बाद हुआ है। ऐसे दिव्यांगजनों को उक्त योजना से लाभान्वित कराये जाने हेतु व कॉक्लियर इम्प्लाट योजना में 0 से 5 वर्ष तक के मूक-बधिर दिव्यांग बच्चों की सर्जरी कराये जाने के लिए शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जाये। इससे पात्र मूक-बधिर दिव्यांग बच्चों की कॉक्लियर इम्प्लांट कराया जा सके। उक्त योजना के लिए जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय विकास भवन में किसी भी कार्यदिवस में संपर्क कर उक्त योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। साथ ही दिव्यांगजनों के विशिष्ट पहचान के लिए निर्गत यूडीआईडी कार्ड के संबंध में अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया। उन्होने कहा कि उक्त समस्त योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए अधिकाधिक दिव्यांगजनों को उक्त योजनाओं से लाभान्वित कराया जाये। साथ ही उक्त बैठक में उपस्थित सदस्यों ने दिव्यांगजनों को बस स्टाप के अन्यत्र रोडवेज बस न रोकने हेतु शिकायत की गयी, जो अन्यत्र जनपद से संबंधित है।






# फूड मार्किट की योजना की आड़ में विद्यालय की भूमि हड़पने का आरोप

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** यहां गोविंदपुरी स्थित महर्षि दयानंद इंटर कालेज में खेल के मैदान पर नगर पालिका के प्रस्तावित फूड मार्किट की आड़ में पालिका प्रशासन पर विद्यालय की भूमि हड़पने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन प्रधानाचार्य तथा शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी डा0 पूजा गुप्ता से मिलकर उन्हें मंडलायुक्त मेरठ को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

कालेज के प्रबंधक अनुज कुमार व प्रधानाचार्या डा0 अंशू सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी को अवगत कराया कि लगभग 8 दशक से संचालित महर्षि दयानंद इंटर कालेज को 1957 में 65 हजार वर्ग गज से अधिक भूमि 30-30 वर्ष के अंतराल पर नवीनीकरण कराने की शर्त पर दी गई थी। प्रशासन के आदेश पर विद्यालय की 11 हजार वर्ग गज भूमि अक्षय पात्र योजना तथा 39 सौ वर्ग गज भूमि ड्रग वेयर हाउस के निमार्णार्थ दे दी गई। वर्तमान में विद्यालय के पास लगभग 50 हजार वर्ग गज भूमि है। जिसमें कालेज भवन, खेल का मैदान व पार्किंग आदि शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने पालिका प्रशासन पर आरोप लगाया कि कभी फूड मार्किट निर्माण तो कभी टाउन हाल के निर्माण का प्रस्ताव लाकर विद्यालय के खेल के मैदान की भूमि को हड़पने की कुचेष्टा कर रहा है।







### हिन्दू युवतियों से बलात्कार के आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज न होने पर

# भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर का छलका दर्द, अपनी ही सरकार में नहीं हो रही सुनवाई

**वेलकम इंडिया**

## किसी और पार्टी का मुख्यमंत्री होता तो घर में भुस भर देता : विधायक

- अपनी ही पार्टी की जिला मंत्री की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही पुलिस
- बोले-आरोपियों के खिलाफ नहीं हुई कारवाई तो बजा दूँगा ईंट से ईंट
- मुस्लिम युवकों द्वारा हिंदू युवक्तियों का यौन शोषण करने पर योगी सरकार की महिला सशक्तिकरण योजना पर लगाया प्रश्नचिन्ह



**गाजियाबाद।** लोनी के भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर एक लंबे समय से गाजियाबाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते रहे हैं। उनका पुलिस कमिश्नर के साथ 36 का आंकड़ा होने का दावा किया जाता रहा है।

नंद किशोर गुर्जर ने मंगलवार को कमिश्नरेट पुलिस और प्रदेश की योगी सरकार के प्रति अपनी जमकर भड़ास निकाली। भाजपा विधायक का गुस्सा सातवें आसमान पर था। जनपद में कुछ युवतियों के साथ मुस्लिम युवको द्वारा बलात्कार किए जाने की शिकायत पर संबंधित थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इस पर विधायक नंद किशोर गुर्जर पीड़ित युवतियों व महिलाओं के साथ जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह को उनकी शिकायती पत्र देने आए थे। इस अवसर जिलाधिकारी कार्यालय पर उन्होंने पत्रकारों से बात की।उन्होंने अपनी पार्टी भाजपा की सरकार में भी हिन्दू महिलाओं से बलात्कार करने वाले मुस्लिम युवकों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर वे बहुत ही गुस्से में दिखायी दिए। वह इतने आक्रोशित थे कि उन्होंने यहां तक कह दिया कि यदि प्रदेश में उनकी पार्टी के मुख्यमंत्री न होकर सपा अथवा किसी और दल के मुख्यमंत्री होते तो वह उनके घर में घुसकर भुस भर देते।

भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर यहीं पर नहीं रुके। उन्होंने आगे कहा कि यदि पीड़ित महिलाओं को न्याय नहीं मिला और आरोपित मुस्लिम युवाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनपद में पुलिस की ईंट से ईंट बजा देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि कोई और मुख्यमंत्री होता तो जनपद का पुलिस मुखिया अब तक आरोपियों को जेल में भेज देता।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर पर निशाना साधते हुए विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति यह है कि सूर्य अस्त और साहब मस्त। हिन्दू महिलाओं के लिए जनपद में सुरक्षा न होने से नरक बना हुआ है और नीरो बंसी बजा रहा है। उन्होंने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि भाजपा की जिला मंत्री की शिकायत पर ही पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही तो फिर इंसाफ कैसे मिल सकेगा। उन्होंने कहा की यदि बलात्कार करने वाले मुसलमान के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं हुई तो वे ईंट से ईंट बजा देंगे। भाजपा विधायक ने आरोप लगाया कि पुलिस इस मामले में जानबूझकर शिकायत दर्ज नहीं कर रही है। उन्होंने जब कई छोटे पुलिस अधिकारियों से बात की तो उनका कहना है कि उन्हें ऊपर से ही आदेश हैं कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज न की जाए। उनका इशारा पुलिस कमिश्नर की तरफ था। हालांकि उन्होंने मीडिया से बातचीत में प्रत्यक्ष रूप से इसके लिए पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा का नाम नहीं लिया लेकिन उनका संकेत शायद उसे तरफ ही था।

उन्होंने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि एक तरफ तो सरकार महिला सशक्तिकरण की बात करती है और दूसरी ओर हिंदू महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार व दुराचार की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं होती। ऐसे में किस तरह से सरकार से न्याय की उम्मीद की जाए।

## डीएम इंद्र विक्रम सिंह को संजीव गुप्ता ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)। नववर्ष की पूर्व संध्या पर समरकूल के चेयरमैन संजीव गुप्ता ने गाजियाबाद के जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह से एक स्नेहिल भेंट करते हुए उन्हें नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं भेंट की।**

## बिना लाइसेंस के शहर में चल रहे 56 होटल, ओयो और लॉज सील

**गाजियाबाद।** जिला प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर में अवैध रूप से संचालित हो रहे 56 होटल और लॉज को सील कर दिया। ये सभी होटल ओयो के साथ कथित रूप से जुड़े हुए थे और बिना आवश्यक लाइसेंस के काम कर रहे थे। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से होटल संचालकों के बीच हड़काम मच गया है। जिला मजिस्ट्रेट इंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में प्रशासन ने शहर के कुल 122 होटलों की जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि इनमें से 56 होटल सराय अधिनियम का उल्लंघन करते हुए बिना किसी वैध लाइसेंस के संचालित हो रहे थे। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि यह कार्रवाई कानून का पालन सुनिश्चित करने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए की गई है। उन्होंने आगे कहा कि सभी अनाधिकृत होटल ऑपरेटरों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं और उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। प्रशासन ने सभी सील किए गए होटलों की एक विस्तृत रिपोर्ट लाइसेंसिंग प्राधिकरण को भेज दी है। इस कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया है कि बिना उचित दस्तावेजों और लाइसेंस के होटल या लॉज का संचालन नहीं किया जा सकता।

## नए साल पर हुड़दंग मचाने वालों पर रहेगी पुलिस की नजर

**गाजियाबाद।** नए साल के समारोह को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए गाजियाबाद पुलिस प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र ने स्पष्ट किया है कि जश्न की आड़ में कोई भी हुड़दंग, स्टंटबाजी या छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस आयुक्त ने बताया कि नए साल की रात को छह हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। 26 दिसंबर से ही शहर के 26 प्रमुख स्थानों पर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है, जहां प्रत्येक चेकिंग पॉइंट पर दस पुलिसकर्मी, जिनमें पांच उपनिरीक्षक शामिल हैं, तैनात किए गए हैं। सभी होटल, रेस्तरां और बार के बाहर पुलिस ब्रीथ एनालाइजर से चेकिंग करेगी। नशे में वाहन चलाने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत दस हजार रुपये का जुमार्ना और छह माह तक की जेल की सजा का प्रावधान लागू किया जाएगा। मॉल, मल्टीप्लेक्स और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही है। पुलिस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित माहौल में नए साल का जश्न मनाने की सुविधा प्रदान करना है। पुलिस आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे नए साल का जश्न जिम्मेदारी के साथ मनाएं और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था को बिगाड ? की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## शीतलहर में बढ़ा कुत्तों का आंतक, 516 लोगों ने लगवाई वैक्सीन

**गाजियाबाद।** शीत लहर चलने पर जहां लोग रजाई में घुस रहे हैं वहीं पर खुद को इधर उधर बचाते घूम रहे आवारा कुत्ते हिंसक हो रहे हैं। 24 घंटे में कुत्तों के काटने पर शहर के 516 लोगों ने एंटी रेबीज वैक्सीन (एआरवी) लगवाई है। सुबह को सदी के बाद भी जिला एमएमजी अस्पताल में संचालित एआरवी सेंटर के बाहर लोगों की लंबी कतार लग गई।दो बजे तक लोगों को एआरवी लगाई गई। सीएमएस डा. राकेश कुमार सिंह के अनुसार एक से 30 दिसंबर के बीच सेंटर पर 2322 लोगों को एआरवी लगाई गई है। पिछले चार दिन में यह संख्या बढ़ी है। इससे पहले नवंबर में कुल 2028 लोगों ने एआरवी लगवाई थी। सोमवार को जिला एमएमजी अस्पताल में 62 बच्चों एवं 40 बुजुर्गों समेत कुल 335 लोगों ने एआरवी लगवाई। संयुक्त अस्पताल में 28 बच्चों समेत कुल 181 लोगों ने एआरवी लगवाई। सीएमएस का कहना है कि सर्दी बढे पर खुले आसमान के नीचे रहने वाले आवारा कुत्ते हिंसक हो जाते हैं। सड़क पर आते-जाते लोगों के पीछे भागने लगते हैं। दूर तक पीछा करते हैं। खासकर रात के 10 बजे से लेकर सुबह पांच बजे के बीच कुत्ते सबसे अधिक लोगों को काट रहे हैं। आवारा कुत्तों के आतंक को रोकने के लिए नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे शहर के दूसरे एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का निर्माण कार्य जनवरी में पूरा हो जाएगा।

## मिनिस्टर इमोवेन बताकर सरकारी काम में बाधा डालने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** खुद को मिनिस्टर इमोवेन बताकर सरकारी काम में बाधा डालने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने आरडीसी चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी यूएलसीटी नाम की संस्था से जुड़ा था, जो उसे देश के कानून ना मानने के लिए प्रेरित करती है। उसने अपनी गाड़ी पर आरटीओ में रजिस्टर नंबर की जगह यूएलसीटी के नाम से रजिस्टर्ड नंबर प्लेट लगा रखी थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी प्रशान्त झा उर्फ मिनिस्टर इमोवेन निवासी गोविंदपुरम ने खुद पर देश के कानून की जगह यूनिवर्सल कानून लागू होने की बात कही। आरोपी ने खुद को यूनिवर्सल लॉ कम्युनिटी ट्रस्ट का सदस्य बताया। उसने बताया कि इस संस्था का सदस्य होने के चलते उस पर देश के कानून लागू नहीं होते, वह यूनिफार्म लॉ को मानता है। इससे अलग आरोपी ने एक प्रपत्र भी पुलिस को दिया, जिसमें यूएलसीटी संस्था ने उसकी गाडी के अधिकृत नंबर के साथ अटैच कर उसे गाडी के लिए यूएलसीटी1529 नंबर दिया हुआ है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में गहनता से जांच कर पूछताछ कर रही है।

## भगवान गणेश की पूजा से करें नववर्ष की शुरूआत: महंत नारायण गिरि

**गाजियाबाद।** श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर महंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि हिंदू नववर्ष तो 30 मार्च से शुरू होगा, मगर जो लोग अंगेजी नववर्ष मनाते हैं उन्हें इस बार नए वर्ष की शुरूआत भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने से करनी चाहिए। इससे उन पर पूरे वर्ष भगवान गणेश की कृपा बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि नए साल की शुरूआत बुधवार के पवित्र दिन से होगी।

इस दिन गणेश भगवान की पूजा करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए व्रत करना बहुत लाभकारी सिद्ध होगा।

## डीएम ने की मेट्रों स्टेशन के संबंध में समन्वय समिति की बैठक

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने मेट्रों स्टेशन के संबंध में समन्वय समिति की बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान मेट्रो के प्रतिनिधियों ने रखे बिन्दुओं में मेट्रो के प्रतिनिधियों ने सहमति दी कि अधिकतर बिन्दुओं को निस्तारण कर दिया गया है एवं कुछ बिन्दुओं को सर्व सहमति से ड्राप आउट किया गया। शेष बिन्दुओं में शहीदनगर मेट्रो स्टेशन के बाहर यूरिन से संबंधित शिकायत थी। इसमें जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मेट्रो और नगर निगम इस विषय में आपसी समन्वय बनाते हुए अस्थायी टॉयलेट बनाते हुए शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। कौशांबी एवं अर्थला मेट्रो स्टेशन में सफाई नियमित रूप से करते हुए संबंधित अधिकारी मौके पर जांच करें। ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित दिए कि विशेष रूप से शहीदनगर, मोहनगर, राजबाग मेट्रो स्टेशन सहित सभी स्टेशनों पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप दिया जाये, जिससे कि यात्रियों एवं अन्य लोगों को समस्या ना हो। बैठक में एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष उपाध्याय, नगर निगम से पवन कुमार, पीडब्लूडी से डी.के.शर्मा, मोहननगर जोनल ऑफिसर आर.पी.सिंह, जोनल ऑफिसर सिटी जोन महेन्द्र, सीटीओ जोनल ऑफिसर सुनील कुमार राय, डीएसडब्लूओ सुनील कुमार, डीएमआरसी तनुज गुप्ता, डीएमआरसी एलके चौहान, निगम देशराज सिंह सहित मेट्रो के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दिल्ली से चोरी कर यूपी में बेचते थे वाहन, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा की अगुवाई में पुलिस ने जिन दो बदमाशों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है उसकी खासियत यह कि वो दिल्ली से वाहन चुराने के बाद उन्हें कुछ समय के लिये लोनी सर्किल में छुपा देते थे। मौका मिलने के बाद यह गैंग दिल्ली से चुराये गये वाहनों को गाजियाबाद व आस-पास के जनपदों में रहने वाले लोगों को औने-पौने दाम में बेच देता था। इस संदर्भ में एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा का कहना है कि पुलिस ने जिन बदमाशों को जेल भेजा है उनके नाम सलमान नसबंदी कॉलोनी कमल विहार लोनी व केतन उर्फ आर्यन निवासी खासपुर लुहारी बागपत हैं।

## नए साल से नई शुरूआत, सुंदर और डिजाइनदार होंगी शहर की ग्रीन बेल्ट व सेंट्रल वर्ज

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा वर्ष के अंतिम दिन मंगलवार को उद्यान विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा शहर की ग्रीन बेल्ट और सेंट्रल वर्ज को सुंदर और सुसज्जित बनाने की निर्देश दिए। जिसके लिए उद्यान विभाग के अधिकारियों को भी मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए कहा गया। बैठक में वरिष्ठ प्रभारी उद्यान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज कुमार सिंह, उद्यान पर्यवेक्षक, हेड माली एवं सुपरवाइजर की टीम उपस्थित रही। नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित टीम को 15 दिन के भीतर शहर के ब्यूटीफिकेशन को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त द्वारा ग्रीन बेल्ट में रंग-बिरंगे फूलों के पौधे लगाने, आवश्यकता अनुसार गमलों की संख्या बढ़ाने, रूटीन में पेड़ों की छटाई का कार्य करने और डिजाइनिंग की थीम देते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। सेंट्रल वर्ज और ग्रीन बेल्ट में प्रमुख चौराहा एवं तिरहों पर है, लगाने के लिए भी कहा गया। नगर निगम निरंतर प्रमुख चौराहा प्रमुख मार्गों के साथ-साथ आंतरिक वार्डों की व्यवस्था को भी ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहा है। सभी पार्कों को व्यवस्थित करने का कार्य किया जा रहा है। इंदिरापुरम क्षेत्र में भी पार्कों का कार्य प्रमुखता से करने के लिए कार्यवाही चल रही है। मालियों और हैड मालियों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है। बाहरी वीआईपी रूट पर कार्य करने के लिए 10 लोगों की टीम क्यूआरटी टीम बनाई गई है। जिससे बाहरी मार्ग भी व्यवस्थित रहेंगे तथा आंतरिक वार्डों में भी कार्य सुचारू रहेगा।

## नगर आयुक्त ने संभव जनसुनवाई में फरियादियों की सुनी जनसमस्या

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय पर मंगलवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में संभव जनसुनवाई का आयोजन किया गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर जनसुनवाई की गई। नगर आयुक्त के समक्ष 13 संदर्भ प्राप्त हुए, जिन पर अविलंब कार्यवाही के निर्देश टीम को दिए गए। अपर नगर अरुण कुमार यादव को समस्त कार्य नियम अनुसार पूर्ण करने के लिए कहा गया। संभव के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश कुमार, अधिशासी अभियंता जल कामाख्या प्रसाद आनंद, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव सिन्हा, उद्यान प्रभारी डॉ अनुज कुमार सिंह व अन्य संबंधित टीम उपस्थित रही। नगर आयुक्त ने पूर्व आए संदर्भ का अधिकारियों से फीडबैक लिया। साथ ही निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभव के अलावा अन्य दिनों एवं विभिन्न माध्यमों से आने वाली सभी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। नगर आयुक्त द्वारा प्रतिदिन जन समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान देते हुए कार्यवाही कराई जा रही है। संभव में प्राप्त संदर्भ पर विशेष ध्यान अधिकारियों द्वारा दिए जा रहा है।

## फैक्ट चेकर मोहम्मद जुबैर से कविनगर पुलिस ने की घंटों पूछताछ

**गाजियाबाद।** कविनगर थाने में फैक्ट चेकर मोहम्मद जुबैर से करीब दो घंटे तक पूछताछ की गई है। इस दौरान उनके ट्विट को लेकर अलग-अलग तरीके से सवाल पूछे गए। बताया जा रहा है कि मोहम्मद जुबैर ने पुलिस के सभी सवालों के सही तरीके से जवाब दिया। करीब दो घंटे चली पूछताछ के बाद पुलिस ने उन्हें जाने दिया। पुलिस के मुताबिक डॉ. उदिता त्यागी ने बंगलूरू निवासी मोहम्मद जुबैर के खिलाफ माहौल खराब करने की नीयत से विवादित बयान वायरल करने का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें पुलिस ने मोहम्मद जुबैर को नोटिस तामील कराया था। जांच के दौरान मोहम्मद जुबैर से पूछताछ की गई है। सूत्रों से पता चला है कि इस दौरान जुबैर के साथ उनके वकील और कुछ लोग भी पहुंचे थे।